# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 327 । भोपाल, सोमवार 27 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कटिंग कराकर आ रहे पिता-पुत्र को मारी टक्कर — पृष्ठ 2

▪ ये विधानसभा फैसला करेंगी कि 2024 किसका होगा
▪ तेलंगाना में कांग्रेस आगे बढ़ी है, लेकिन बीआरएस के मुकाबले और मेहनत जरूरी — पृष्ठ 4

▪ साड़ियां भेंटकर किया स्वछता प्रहरियों का सम्मान, मनाई सहस्त्रबाहु जयंती — पृष्ठ 6

बिना किसी भय और दबाव के साथ काम करें — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे भाजपा-आरएसएस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की जनता के संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। श्री खडगे ने संविधान दिवस पर आज अपने संदेश में कहा भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है। हम 74वें संविधान दिवस को मनाते हुए इसके निर्माताओं के कृतज्ञ हैं और उनके प्रति अत्यंत श्रद्धा से सर नवाते हैं – क्योंकि उन्होंने हमारे संविधान में प्रत्येक भारतीय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी दी है।

### शिवराज ने दी संविधान दिवस की शुभकामनाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की जनता को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आज कहा कि हम सभी देश के सर्वांगीण विकास हेतु संविधान में वर्णित कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लें।

श्री चौहान ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रत्येक भारतीय का अभिमान, लोकतंत्र का प्राण है। विश्व बंधुत्व की भावना से दीप्त, भारत का संविधान है। संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हम सभी संवैधानिक मूल्यों व अधिकारों से परिचित हों और देश के सर्वांगीण विकास हेतु संविधान में वर्णित कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लें।

### जम्मू-कश्मीर के उरी में लश्कर के 3 आतंकी धरे

**श्रीनगर, एजेंसी।** रविवार सुबह उरी में झूला फुट ब्रिज के पास सुरक्षाबलों की जॉइंट नाका चेकिंग के दौरान लश्कर–ए–तैयबा के 3 आतंकी पकड़े गए। सर्च के दौरान इनके पास से 3 चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपए कैश भी मिला है। उरी पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा कश्मीर के शोपियां में अंसार गजवत–उल–हिंद के एक आतंकवादियों के मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहशख्स शोपियां में हाबदीपोरा क्रॉसिंग से पकड़ा गया।

### पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में सात स्पर्धाओं में पैरा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### लद्दाख में होगी दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली नाइट स्काई सेंचुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लद्दाख में शीघ्र ही दक्षिण पूर्व एशिया का पहला नाइट स्काई सेंचुरी (अभयारण्य) होगा। अभयारण्य की स्थापना भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बेंगलुरु के सहयोग से की जा रही है। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से संबद्ध है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की ओर से, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हानले में नाइट स्काई रिजर्व का उद्घाटन करने का अनुरोध करेंगे।

### महिलाकर्मियों के हाथों में मतगणना की जिम्मेदारी

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में निर्वाचन आयोग ने मतगणना से जुड़ी सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। इस बार पहली बार महिलाकर्मियों को मतगणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले की तीनों विधानसभाओं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट की गणना 16 से 18 राउंड में की जाएगी। इस दौरान 14 टेबल लगाए जाएंगे और प्रत्येक टेबल पर भाजपा- कांग्रेस के 14–14 एजेंट मौजूद रहेंगे।

---

संविधान दिवस पर बोले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़

# अदालतों में जाने से नहीं डरे जनता

- अदालतों को अंतिम उपाय के तौर पर देखना चाहिए
- सुप्रीम कोर्ट ने 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया
- चिट्ठी-पत्रियों का भी लिया गया संज्ञान



**जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह अदालतें कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है : डीवाई चंद्रचूड़**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने रविवार को संविधान दिवस के मौके पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अब तक 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया है और नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए और न ही उन्हें इसे अंतिम उपाय के तौर पर देखना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीजेआई चंद्रचूड ने कहा कि जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह कोर्ट की प्रणाली हमें स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के जरिए कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि कोर्ट में हर केस संवैधानिक शासन का विस्तार है। इस कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से हुई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना मौजूद रहे। इसके अलावा कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे।

चीफ जस्टिस ने अपने संबोधन में कहा, पिछले सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की अदालत के तौर पर काम किया है। हजारों लोग इस संस्थान में न्याय पाने के भरोसे के साथ इसके दरवाजे तक आए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक कोर्ट में अपनी निजी आजादी, जवाबदेही, गैरकानूनी गिरफ्तारी, बंधुआ मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, आदिवासी अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए, मैला ढोने जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### न्याय को सर्वसुलभ बनाने की जरूरत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में सामान्य नागरिकों को न्याय मिलने में आज भी कई तरह की बाधाएं व्याप्त होने की चर्चा करते हुए कहा कि न्याय को सर्वसुलभ बनाना ही इसके उद्येश्यों को पूरा करने का बससे अच्छा तरीका है। श्रीमती मुर्मु ने देश में योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा पर विचार किए जाने का भी सुझाव दिया। राष्ट्रपति ने कहा, न्याय का उद्देश्य, इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर सर्वोत्तम तरीके से पूरा किया जा सकता है। इससे समानता को भी बल मिलता है।

### कानूनों को सरल बनाने की जरूरत : खन्ना

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कानूनों को सरल, सुलभ, अधिक मानवीय और युवा पीढ़ी से संबंधित बनाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला एक जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने सभी से मजबूत संकल्प, एकता और आशावाद के साथ आगे बढ़ने का अनुरोध किया।

---

केसीआर सरकार पर राहुल ने साधा निशाना, कहा-

# सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना में है



**एंडोला, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा।

रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में की जनसभा, बोले-

### कांग्रेस-बीआरएस एक दूसरे की कार्बन कॉपी



**हैदराबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के तुरपान में एक जनसभा के दौरान कहा- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान, तीनों राज्यों में मतदान हो चुका है और मैंने तीनों राज्यों में देखा है कि इंडिया गठबंधन साफ हो जाएगा। वहां की महिलाएं, वहां के किसान, वहां के जवान कांग्रेस पार्टी को जड़ों से उखाड़ फेंकने वाले हैं। कांग्रेस और बीआरएस दोनों की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण और खराब कानून व्यवस्था से है। ये दोनों पार्टियां एक-दूसरे की कार्बन कॉपी हैं।

---

टनल में ऊपर से नीचे की तरफ बनाया जा रहा रास्ता

# सौ घंटे में मजदूरों तक पहुंचने की उम्मीद



**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए शुक्रवार से बंद पड़ा बचाव अभियान आज फिर से शुरू हो गया है।

मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब पहाड़ की चोटी से वर्टिकल ड्रिलिंग की जा रही है। अब तक 15 मीटर से ज्यादा खुदाई हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई रुकावट नहीं आई तो हम 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंच जाएंगे।

### मलबा गिरने की भी आशंका

वर्टिकल ड्रिलिंग के तहत पहाड़ में ऊपर से नीचे की तरफ बड़ा होल करके रास्ता बनाया जाएगा। हालांकि इसमें काफी खतरा है, क्योंकि खुदाई के दौरान बड़ी मात्रा में मलबा गिरने की आशंका है। ड्रिलिंग में कितना समय लगेगा, इस बारे में भी कुछ नहीं कहा गया है। टनल में फोन की लैंडलाइन भी डाली जाएगी। इससे मजदूर अपने परिवार से बात कर सकेंगे।

### सेना को बुलाया

टनल में फंसे मजदूरों तक पहुंचने के लिए अमेरिकन ऑगर मशीन के जरिए खुदाई करके रेस्क्यू पाइप डाले जा रहे थे। शुक्रवार को मजदूरों की लोकेशन से महज 10 मीटर पहले मशीन की ब्लेड्स टूट गई थीं। इस वजह से रेस्क्यू रोकना पड़ा था। इसके बाद मशीन के बजाय मैन्युअल ड्रिलिंग कराने का फैसला किया गया। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है।

---

शहडोल जिले में खनन माफिया का आतंक

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर पटवारी की हत्या



**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के शहडोल जिले में माफिया का आतंक सामने आया है। यहां अवैध रूप से रेत खनन कर ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ट्रैक्टर–ट्रॉली से कुचलकर एक पटवारी की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि शनिवार मध्यरात्रि के आसपास हुई घटना के आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। देवलौंद पुलिस थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा के अनुसार पटवारी प्रसन्न सिंह सहित सरकारी कर्मचारियों की एक टीम ने गोपालपुर क्षेत्र में सोन नदी के पास अवैध रूप से खनन की गई रेत भरकर ले जा रही ट्रैक्टर–ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने पटवारी को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। शहडोल के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर ट्रैक्टर और उसके चालक शुभम विश्वकर्मा (25) की पहचान की, जिसे रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अपराध स्थल से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित मैहर जिले के निवासी विश्वकर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और उसके मालिक की पहचान कर ली गई है। जिलाधिकारी वंदना वैद्य ने कहा कि अवैध रेत खनन की शिकायतों के बाद राजस्व, खनन विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने 23 नवंबर को क्षेत्र का निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को उसी क्षेत्र से अवैध रूप से खनन की गई रेत जब्त की गई थी। वैद्य ने कहा कि ब्यौहारी के एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने शनिवार रात 8:30 बजे तक क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि यह घटना तब हुई, जब पटवारी और उनके 3 सहयोगी बाद में स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर गए थे।

### भ्रष्टाचार और घोटालों के कारण हो रहीं जघन्य घटनाएं : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शहडोल में रेत माफिया द्वारा पटवारी की हत्या किए जाने पर शिवराज सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, शहडोल में रेत माफिया की तरफ से अवैध खनन रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह को ट्रैक्टर–ट्रॉली से कुचलकर मार देने की जघन्य वारदात सामने आई है. यह पहला मौका नहीं है जब प्रदेश में रेत माफिया ने इस तरह से किसी सरकारी व्यक्ति को कुचल कर मार दिया हो। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार के दौरान पनपा भ्रष्टाचार और घोटालों के कारण यह स्थिति बनी है और इस तरह की जघन्य घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। कमलनाथ ने प्रशासन से मांग की है कि दिवंगत पटवारी के परिवार को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

---

चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में एकत्रित हुए प्रदर्शनकारी

# किसानों का दिल्ली जैसा आंदोलन शुरू



- समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी व अन्य मांगों को लेकर हो रहा प्रदर्शन
- पुलिस ने सीमाएं सील की

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा के हजारों प्रदर्शनकारी किसान रविवार को अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन के तहत दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में इकट्ठा होना शुरू कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि वे लंबी यात्रा के लिए तैयार होकर आए हैं। उनमें से कई लोग अपने ट्रैक्टर–ट्रेलरों पर सब्जियां, आटे और दाल की बोरियां और खाना पकाने का तेल साथ लाए थे। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तहत किसान यूनियनों ने किसानों के ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' आंदोलन की तीसरी वर्षगांठ और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी जैसी मांगों को पूरा न करने पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इस बार उसने चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा के राजभवनों के सामने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए 'चंडीगढ़ चलो' आंदोलन दिया है।

प्रदर्शनकारी किसान, जिनमें पुरुष और महिलाएं – युवा और बूढ़े दोनों – और ट्रैक्टर–ट्रेलर, कारों और मोटरसाइकिलों पर सवार स्कूल और कॉलेज के छात्र शामिल हैं, पंजाब में मोहाली और हरियाणा में पंचकुला की सीमाओं पर इकट्ठा हो रहे हैं। किसानों के चंडीगढ़ में जबरन प्रवेश को रोकने के लिए दोनों राज्यों और चंडीगढ़ की पुलिस को भारी संख्या में तैनात किया गया है और सीमाएं सील कर दी गई हैं। एसकेएम की समन्वय समिति के सदस्य दर्शन पाल ने मीडिया को बताया, कृषि संघ अपनी मांगें पूरी न होने पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो वे आंदोलन को अनिश्चितकाल तक बढ़ाएंगे।

---

# उप्र विस में बसपा-कांग्रेस से छिना बड़ा कार्यालय

- अब दोनों पार्टियों को छोटा केबिन मिलेगा
- उप्र विधानसभा में कांग्रेस के हैं दो सदस्य

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बसपा और कांग्रेस को कार्यालय की जगह अब केबिन आवंटित किया गया है। लंबे अरसे से विधानसभा में बसपा और कांग्रेस को बड़ा कक्ष आवंटित था।

अब बसपा और कांग्रेस कार्यालय को मिलाकर सपा कार्यालय को बड़ा किया गया है। दोनों दलों को लोक दल, सुभासपा कार्यालय के पास केबिन आवंटित किया गया है। कार्यालय छीनने पर कांग्रेस और बसपा के नेताओं ने नाराजगी जताई है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने कहा कि दोनों दलों के लिए नए ऑफिस बनाए जाएंगे। इस पर बसपा विधानमंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने कहा कि इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर पार्टी के लिए कार्यालय आवंटित करने की मांग की जाएगी।

फिलहाल पार्टी को एक छोटा केबिन दिया गया है। अध्यक्ष द्वारा कार्यालय देने का आश्वासन पूर्व में दिया गया था। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के दो सदस्य है जबकि बसपा का एक सिर्फ एक ही सदस्य है। प्रदेश की 402 सदस्यीय विधानसभा में आराधना मिश्रा मोना व वीरेंद्र चौधरी कांग्रेस के सदस्य हैं। जबकि उमा शंकर सिंह बसपा के सदस्य हैं।

---

चीन में 'रहस्यमयी बीमारी' के बाद केंद्र ने जारी किए दिशा निर्देश

# श्वसन संबंधी बीमारियों पर राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह

- कोविड संशोधित निगरानी दिशा निर्देश लागू करें
- बच्चों और किशोरों पर विशेष ध्यान देने को कहा
- अस्पताल की तैयारियों की तत्काल समीक्षा की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने चीन में बच्चों की श्वसन संबंधी बीमारियों की स्थिति को देखते हुए देश में राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है और कोविड संशोधित निगरानी दिशानिर्देश लागू करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि चीन में लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति के मद्देनजर श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने को लेकर तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल के सप्ताहों में उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि के मद्देनजर सावधानी बरतने और श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों को लिखे गए एक पत्र में जन स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तत्काल समीक्षा करने की सलाह दी गई है। इनमें मानव संसाधन, अस्पताल में फ्लू के लिए दवाएं और टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक औषधियों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में संक्रमण की रोकथाम के पर्याप्त उपाय इनमें शामिल हैं। पत्र में सभी राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों को 'कोविड–19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति, के लिए दिशानिर्देश' लागू करने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों और किशोरों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। राज्यों को श्वसन परीक्षण के लिए राज्यों में स्थित वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज (वीआरडीएल) को एसएआरआई वाले रोगियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने भेजने के लिए कहा गया है। इन एहतियाती और व्यापक उपायों के परिणामस्वरूप किसी भी संभावित स्थिति का मुकाबला करने और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होने की उम्मीद है। हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से चीन के उत्तरी भागों में श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि का संकेत मिला है। मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, सार्स–कोव–2 आदि के सामान्य कारणों को इसके लिए जिम्मेदार बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सर्दी के मौसम की शुरुआत के साथ–साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रसार के साथ–साथ कोविड–19 प्रतिबंधों को हटाया जाना भी इसमें वृद्धि का कारण बना है।

## सार समाचार

### उज्जैन जा रहे कार सवार परिवार को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत गादेर घाटी पर एक कार को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हालांकि कार में सवार एक ही परिवार के आधा दर्जन में से किसी को कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके से ट्रक चालक ट्रक भगा ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अरूण पुत्र श्यामसुंदर नामदेव निवासी वार्ड क्रमांक 33 दतिया ने अपने भाई मनोज के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह दतिया से अपनी कार क्रमांक एमपी 32-सी-4102 से उज्जैन जा रहे थे। तभी गुना के आगे गादेर ढलान पर पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 38-वाय-5224 के चालक ने अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरी गाड़ी की पीछे की लाईट, ड्रायवर साईड में रगड़न सी आकर नुकसान हो गया है। कार में उनके अलावा उनका भाई मनोज, पत्नी प्रीति, भाभी जूली , लड़की पलक बैठे थे। किसी के कोई चोंटे नही आयीं हैं । उक्त ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से ही मेरी कार में टक्कर मार कर अपना ट्रक लेकर भाग गया। उक्त मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है।

### दीपक यादव युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नियुक्त



**गुना, देशबन्धु।** मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने संगठन के राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव तथा राष्ट्रीय सचिव अजीत सिंह की सहमति से पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह की अनुशंसा पर गुना के युवा नेता दीपक यादव को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है।

डॉ. भूरिया ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव दीपक यादव को संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देते हुए प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि दीपक यादव लम्बे समय से छात्र आंदोलनों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी निरंतर सक्रियता को देखते हुए युवा कांग्रेस ने यह अहम जिम्मेदारी दीपक यादव को सौंपी है।

### नानाखेड़ी से बजरंगगढ़ बायपास तक मौत बनकर दौड़ रहे ट्रेक्टर

# कटिंग कराकर आ रहे पिता-पुत्र को मारी टक्कर

▶ बेटे की हालत गंभीर होने पर ग्वालियर किया रैफर, तेलघानी चौराहे पर शोरूम संचालक ने आधी रोड पर किया कब्जा



**गुना, देशबन्धु।** शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित होने से लोगों की राह मुश्किलों भरी हो रही है। सडक़ों किनारे होने वाली अवैध पार्किंग की वजह से ऐसी स्थिति बन रही है। दरअसल शहर में कहीं भी वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में रोजाना एबी रोड, सदर बाजार और हाट रोड सहित शहर के लगभग सभी मार्गों पर वाहन सडक़ों के किनारे ही खड़े किए जाते हैं।

इतना ही नहीं मुख्य मार्गों पर स्थित व्यवसायिक कॉम्पलैक्स या अन्य प्रतिष्ठानों में आने वाले लोग भी सडक़ों र ही वाहन खड़े करके चले जाते हैं। ऐसे में न सिर्फ सडक़ें बाधित होती है, बल्कि हादसे भी बढ़ रहे हैं। शहर के एबी रोड, लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, निचला बाजार, हाट रोड, तेलघानी चौराहा आदि स्थानों पर यातायात बाधित होने की समस्या सबसे ज्यादा सामने आ रही है। इससे लोगों को परेशानियां हो रही है। इसी में तेलघानी एचडीएफ बैंक के पास एक निजी फायनेंस शोरूम संचालक द्वारा आधी रोड पर कब्जा कर रखा है। यहां यातायात पुलिस से बेखौफ शोरूम संचालक द्वारा दुकान के आगे कई फुट तक फुटपाथ पर टीवी, फ्रिज, एसी आदि सामान सजाकर रखता है। लेकिन दो पहिया वाहनों के लिए हमेशा चालानी कट्टा लेकर खड़ी रहने वाली यातायात पुलिस का ध्यान इस ओर नहीं जाता।

विगत दिवस एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने एक्सिस सवार पिता-पुत्र में टक्कर मार दी। जिसमें मासूम बुरी तरह घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रैफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नीरज पुत्र स्व.सत्यपाल सिंह ठाकुर निवासी न्यू रायलटाउनशिप विगत दिनों अपनी स्कूटर क्रमांक एमपी 08एमडब्ल्यू 0568 से अपने लडके युवराज सिंह ठाकुर की कटिंग कराकर तेलघानी चौराहा से वापस अपने घर जा रहा था।

इसी दौरान एक महिन्द्रा ट्रेक्टर का चालक अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और सामने से मेरी एक्सेस में टक्कर मार दी और भाग गया। जिससे वह और उनका लडक़ा घायल हो गए। घटना के बाद फरियादी अपने लडके युवराज को लेकर इलाज के लिए मीनाक्षी हास्पिटल भागा। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया।

### एबी रोड पर बैंकों के सामने बाइक, ट्रैक्टर-ट्रालियों से परेशानी

उल्लेखनीय है कि एबी रोड पर हनुमान चौराहे से लेकर बड़े पुल तक सडक़ के दोनों ओर करीब आधा दर्जन से अधिक विभिन्न बैंकों की शाखाएं है। जबकि कई कोचिंग क्लासेस, व्यवसायिक काम्पलेक्स भी स्थिति है जिनमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में बैंकों में भीड़ पहुंचने से सडक़ पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है और हादसे होने लगते हैं। बैंकों में आए ग्राहकों की बाइकें और अन्य वाहन सडक़ पर ही खड़े रहते हैं। बड़ी यह है कि यहां लगभग रोज ही चालानी कार्रवाई होती है लेकिन उसके बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं है। ऐसे में तेलघानी चौराहे के पास बैंक आफ बड़ोदा, एचडीएफसी, केनरा बैंक और एसबीआई आदि की बैंक शाखाओं के सामने 20 फीट चौड़ी सडक़ पर महज 4 से 5 फीट तक ही जगह बचती है। ऐसे में दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी जाती है। उधर एबी रोड स्थित एसबीआई की मैन ब्रांच के सामने भी यही स्थिति देखी गई।

# अंधेकत्ल के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### उधारी के लेनदेन में शराब पिलाकर की गई थी हत्या

**गुना, देशबन्धु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत रूठियाई में हुए अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने 3 दिनों में ही हत्यारोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार उधारी के रूपयों के लेन-देन में मृतक केवल रजक की हत्या की गई थी। हत्या के पूर्व आरोपी द्वारा मृतक को पहले शराब पार्टी कराई और अधिक नशा होते ही सिर पर पत्थर मार-मार कर हत्या कर दी गई। दरअसल 22 नवम्बर को जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत रूठियाई-धरनवादा रोड पर ओढ़ा की पुलिया के पास जामनेर निवासी केवल पुत्र मांगीलाल रजक (40) की रक्त रंजित लाश पड़ी हुई मिली थी। उक्त घटना को लेकर मृतक केवल रजक के भतीजा मनोज पुत्र नैनकराम रजक निवासी जामनेर द्वारा पुलिस को बताया गया कि दिनांक 21 नवम्बर के दोपहर की बात है कि वह अपने खेत पर फसल में खाद दे रहा था। उसी समय उसके मोबाईल पर किसी अज्ञात नम्बर से राजू चिड़ार निवासी जामनेर द्वारा कॉल कर उसे साडा में पार्टी करने के लिये आने का बोला गया और उसने बोला की उसके चाचा केवल रजक भी उसके साथ हैं, लेकिन उसके द्वारा साडा जाने के लिये मना कर दिया था।

इसके बाद जब उसके चाचा केवल रजक वापस घर नहीं आये तो 22 नवम्बर की शाम को उसने राजू चिढ़ार को मोबाईल लगाकर अपने चाचा के बारे में पूछा गया तो राजू चिढ़ार उससे बोला कि उसने उसके चाचा केवल रजक को जान से मार दिया है और फिर अपना मोबाईल बंद कर लिया। इसके बाद उसने तथा उसके परिवार के अन्य लोगों ने चाचा केवल रजक की तलाश में साड़ा, रुठियाई आकर पता किया तो रुठियाई में ओढ़ा की पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने का पता चला। तब उनके द्वारा वहां जाकर देखा तो उसके चाचा केवल रजक मृत अवस्था में जमीन पर उल्टे पड़े हुये थे और उनके सिर से खून निकल रहा था। उसके चाचा केवल रजक की हत्या राजू चिढ़ार के द्वारा ही की गई है । जिसकी रिपोर्ट पर से हत्यारोपित राजू चिढ़ार के विरूद्ध धरनावदा थाने में धारा 302 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिशें दी। जिसके परिणामस्वरूप गत् दिवस को प्रकरण के आरोपी राजू चिढ़ार के डोंगर बस स्टेण्ड पर होने की सूचना मिलने पर धरनावदा थाना पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया । जिसने पूछताछ पर पुलिस के सामने मृतक केवल रजक की हत्या का सारा राज उगल दिया। जिसने बताया कि एक साल पहले उसने केवल रजक से 10 हजार रूपये उधार लिये थे, जिन्हें वापस लौटाने के लिये केवल रजक उस पर दबाव बना रहा था। इसी बात को लेकर उसने केवल रजक की हत्या करने का प्लान बनाया और 21 नवम्बर को वह केवल रजक को दारू पार्टी कराने के लिये पहले साडा और फिर रूठियाई लेकर पहुंचा। जहां उन दोंनों ने दिन भर शराब पी और शाम को खाने में मुर्गा खाया। इस दौरान उसके द्वारा केवल रजक को ज्यादा-ज्यादा शराब के पैग बनाये गये थे, जिससे केवल को शराब का ज्यादा नशा हो गया था और खाना खाने के बाद वह केवल रजक को धरनावदा रोड पर ओढ़ा की पुलिया के पास लेकर गया। जहां उन्होंने शराब का एक क्वाटर और पिया, इसके बाद केवल रजक को अधिक नशा हो गया और वह वहीं जमीन पर लेट गया तो फिर उसने पास ही पड़ा एक पत्थर उठाया और जिससे केवल रजक के सिर पर 3-4 चोटें मारी, जिससे केवल रजक की मौत हो गई थी और फिर वह वहां से भाग गया था। हत्या के उक्त प्रकरण में आरोपी राजू चिढ़ार को धरनावदा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया एवं जिसे 26 नवम्बर को न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# पिच्छिका परिवर्तन समारोह संपन्न



**गुना, देशबन्धु।** शहर में चातुर्मासरत आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनिश्री आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह कार्यक्रम गौशाला प्रांगण में संपन्न हुआ। इसके पूर्व पिछले नौ दिनों से चल रहे श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान की सुबह हवन के पूर्णाहूति हुई।

यह पूर्णाहूति बह्मचारी संजीव भैयाजी कटंगी द्वारा मंत्रोच्चारणों के साथ कराई गई। जिसमें विधान में बैठे सभी इंद्र-इंद्राणियों ने यज्ञ में पूर्णाहूति दी। वहीं दोपहर में पिच्छिका परिवर्तन का भव्य जुलूस पिच्छिकाओं के साथ स्थानीय चौधरी मोहल्ला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ आरंभ हुआ। जिसमें बह्मचारिणी दीदियां हाथों में नवीन पिच्छिकाएं लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां आचार्यश्री के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्जवलन, मंगलाचरण उपरांत आचार्यश्री की सामूहिक पूजन हुई। तत्पश्चात मुनिसंघ ने नवीन पिच्छिकाएं ग्रहण की। वहीं पुरानी पिच्छिकाएं जीवन में नियम एवं संयम धारण करने वाले श्रावकों को सौंपी गई। जिसमें मुनिश्री आगम सागरजी महाराज की पुरानी पिच्छिका अशोक जैन एवं मुनिश्री पुनीत सागरजी महाराज की पिच्छिका अनुराग जैन को सपत्नीक मिली। इस अवसर पर मुनिश्री पुनीत सागरजी महाराज ने कहा कि पिच्छिका संयम का उपकरण है। यह संयम का प्रतीक है, जिसकी संयमी के पास ही शोभा होती है। वहीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में दो दिवसीय वार्षिक रथोत्सव समारोह मुनिसंघ के सानिध्य में 27 एवं 28 नवंबर को नसियांजी बीजी रोड पर आयोजित होंगे।

# पार्वती में संग्रहित पानी की चोरी पर नपा रख रही पैनी नजर

**आष्टा, देशबन्धु।** नगरपालिका का दायित्व अपने नगर के नागरिको को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के साथ ही मूलभूत आवश्यक्ताओ की पूर्ति करना भी है. इन सभी के चलते मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के नेतृत्व मे मा पार्वती नदी मे संग्रहित पानी कीचोरी रोकने हेतु दल गठित किया गया. गठित दल द्वारा सीएमओ श्री सक्सेना के निर्देशन मे प्रतिदिन पार्वती नदी से सटे ग्राम्यांचल के किनारो का दौरा नपा की आधुनिक नाव मे सवार होकर किया जा रहा है। जल चोरी रोकथाम अभियान के प्रारम्भ से अभी तक दर्जनों विद्युत जल मोटरे जप्त कर नियमानुसार ग्रामीणजनों पर अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

पानी को चोरी से बचाने के लिए सीएमओ उतरे नदी में

नदी किनारे बसे सैकड़ो किसानो की खेती में पानी लेने के लिए किसानो ने पानी खीचने के लिए मोटर जनरेटर से रातदिन चोरी कर नदी का जल स्तर काफी गिरा दिया। जिसकी चिंता करते हुए सीएमओ ने जहां अपने अधीनस्थ निर्देशित कर पानी चुराने वाले मोटरपंप जनरेटर को जब्त करने के निर्देश दिए। वह स्वयं भी नाव मे सवार होकर नगर वासीयो की चिंता लिए पानी को रोकने निकलने पड़े। क्योकि आष्टा वासीयो के लिए गर्मी के समय एकमात्र ही नदी का बड़ा सहारा है। जो सभी की प्यास बुझाता आ रहा है।



**10 किसानो पर कार्यवाही ,15 मोटरपंप जब्त-** सीएमओ राजेश सक्सेना एवं उनकी टीम ने रातदिन एक कर अभी तक 15 मोटरपंप जब्त किए है। वही नदी से पानी चुराने वाले 10 किसान पर नियम अनुसार कार्यवाही की । वही उन्हे किसानो को समझाइश भी दी जा रही है कि मां पार्वति नदी का पानी सिचाई मे न ले। उक्त पानी नगरवासीयो के प्यास बुझाने मे गर्मी के लिए स्टॉक किया हुआ है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि पार्वती नदी मे संग्रहित जल आष्टा नगर के नागरिको के लिए सुरक्षित रखा गया है, किन्तु नदी से सटे विभिन्न ग्रामो के ग्रामीणजन अवैध विद्युत जल मोटर के माध्यम से संग्रहित जल कि चोरी कर खेतो मे सिचाई हेतु उपयोग कर रहे है, जिस पर नपा के दल द्वारा पैनी नजर रखकर जल चोरी करने वालो के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है, यह कार्य निरंतर जारी रहेगा. इस अवसर पर दल मे सीएमओ राजेश सक्सेना के साथ मनीष श्रीवास्तव, कैलाश वर्मा, कपिल वर्मा, आशीष शर्मा, राकेश बागवान सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

### भारी पड़ी लाईनमैन की लापरवाही

# करंट लगने से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा युवा

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत प्यासी-बूढ़ाखेड़ा क्षेत्र में बिजली लाईनमैन की लापरवाही के चलते एक ग्रामीण जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। गांव में बिजली नहीं होने पर लाईनमैन द्वारा एक व्यक्ति को फोन पर ही खंभे पर चढक़र जम्फर जोडऩे का आदेश दे दिया। इस दौरान युवक द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद लाईनमैन ने बिजली लाईन बंद करने का भरोसा दिलाते हुए लालच देकर खंभे पर चढ़ा दिया। यहां जम्फर बांधने के दौरान उसे जोरदार करंट लगा और अब शहर के निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। मामले में घायल के परिजनों की शिकायत पर आरोन पुलिस ने आरोपी लाईनमैन पर मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामकुमार रघुवंशी निवासी प्यासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत 21 नवंबर को रात्रि करीबन 9 बजे उनके छोटे भाई सोनू रघुवंशी पुत्र रघुवीर रघुवंशी को लाईनमैन गोपाल महाराज ने फोन करके बोला कि बूढ़ाखेड़ा तरफ की तुम्हारे गांव से बिजली की लाईन बंद है। तुम्हारे गांव की टैपिंग से जम्फर जल गया है। मैंने परमिट ले लिया है लाईन बंद करा दी है। तुम जम्फर जोड दो। जिस पर सोनू ने कहा मुझे अभी टाईम नहीं है और खम्बा पर चढऩे मे मुझे डर लगता है। जिस पर लाईनमैन ने बार-बार दबाव बनाया और बोला कि डरने की कोई बात नहीं है लाईन बिलकुल बंद पड़ी है। जिस पर सोनू जम्फर बांधने के लिये पोल पर चढ़ गया और जम्फर बांधने लगा तो अचानक जोरदार करंट गया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। बहरहाल लाईनमैन की कथित गलती का खामियाजा एक ग्रामीण युवा को अब अपनी जान जोखिम में डालकर उठाना पड़ रहा है। परिजनों ने पहले जिला अस्पताल फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां उसका गंभीर हालत में उपचार जारी है। वहीं मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लाईनमैन पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# भारत का संविधान देश की मौलिक आवश्यकता : परमार



**आष्टा, देशबन्धु।** सभी के लिए न्याय,सभी के लिए सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता, समान अवसर, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान की मूल आत्मा है। आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारत के संविधान को अपनाया गया था। भारत के संविधान के निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर के अहम योगदान को सदैव याद किया जाएगा। भारत का संविधान देश के लोगों के लिए एक जीवंत और प्रेरणादायक दस्तावेज है। जिसने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के शक्तियों के बंटवारे को औपचारिक रूप दिया। तभी ये संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम करने लगी। संविधान ने नागरिकों के हितों को बनाए रखने के लिए न्यायपालिका विधायिका एवं कार्यपालिका को अपनी जिम्मेदारी आदि। जिससे नागरिकों की उम्मीद और अपेक्षाओं को साकार किया जा सका।

संविधान से नागरिकों को अधिकार मिलता है साथ ही नागरिकों को उनके कर्तव्यों का पालन करने का भी निर्देश दिया जाता है। विविध जातियों, धर्मो के लोगो को संविधान ने ही एक माला में पिरोकर रखा है। उक्त आशय के उदगार प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने संविधान दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान ही इस देश की मौलिक आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शैलेष राठौर,ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद अनिल धनगर, मनमोहन परमार सहित कई नागरिकगण मौजूद थे।

### छलांग प्रोजेक्ट के तहत हिलगना शासकीय स्कूल में लगा बाल मेला




**गुना, देशबन्धु।** भारत सरकार के आकांक्षी जिला प्रोग्राम अंतर्गत बमोरी एवं गुना लॉक के चयनित स्कूलों में छलांग प्रोजेक्ट अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट अतंर्गत युगबोध सेवा फांउडेशन द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिलगना में विद्यार्थियों के सहयोग से बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढक़र उत्साह के साथ भाग लिया। मेले में प्रतियोगिताओं के साथ खाने पीने के स्टाल लगाये गये। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्पून रेस, पतंगबाजी, दौड़, रूमाल खेल आदि का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आये बच्चों को पुरूस्कार वितरण जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्कूल स्टाफ द्वारा बताया गया कि छलांग प्रोजेक्ट के कारण बच्चों में आनंद की अनुभूति एवं शिक्षा के प्रति रूचि देखी जाने लगी है। क्षेत्र के अभिभावकों का नजरिया भी स्कूल शिक्षा खेलो के प्रति बदला है। ये कार्यक्रम एलमस स्पोर्ट फाउंडेशन के प्रदेश प्रतिनिधि विनय दहिया, आकाश लुगन की कार्य योजनानुसार सपन्न किया गया। कार्यक्रम में मनोज लोधा, मुरारी लोधा, चन्द्रकांत गोड़, देवेन्द्र रजक, राजेश गोंडल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। बाल मेले का संचालन अनुराग शर्मा, देवकीनंदन पंत एवं देवकीनंदन लोधा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गॉधी फेलो नीरज कुमार, दीपक पाठक का विशेष सहयोग रहा।

### सिख समाज ने निकाला भव्य नगर कीर्तन यात्रा

# गुरुनानक जयंती पर सुबह से होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गुना, देशबन्धु।** गुरुनानक देव जी के 554 वें प्रकाश पर्व के मौके पर एक दिन पूर्व सिख समाज द्वारा रविवार को नगर कीर्तन निकाला गया। इस नगर कीर्तन में सिख समाज के श्रद्धालु कीर्तन करते हुए चल रहे थे। आकर्षक नगर कीर्तन का शहर में कई जगह स्वागत किया गया। वहीं आकर्षक परिधान में चल रहे पंज प्यारे नगर कीर्तन का आकर्षण बने थे। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के मुताबिक दोपहर करीब 2.30 बजे गुरुद्वारा से नगर कीर्तन शुरू हुआ, जो एबी रोड, हाटरोड, निचला बाजार, सराफा बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचा। इसके बाद गुरुद्वारा में कीर्तन हुआ, तो देर शाम लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। गुरुनानक देव जयंती पर सोमवार को गुरुद्वारा में सुबह से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों से आयोजन शुरू होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे से लंगर प्रसाद बरसेगा। शाम को 7 से 8 बजे तक बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद रागी जत्था द्वारा कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। पर्व के लिए गुरुद्वारों पर आकर्षक सजावट की गई है।

गुरुद्वारा समिति के सचिव हरवीर सिंह ने बताया कि गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में 554 वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सोमवार को सुबह 5-30 बजे से देर रात तक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रातः 5-30 बजे लंगर की सेवा आरंभ, 9 बजे से अखंड पाठ साहिब की समाप्ति, 9 से 12-30 बजे तक कीर्तन दरबार एवं कथा, अरदास के बाद दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक गुरु का लंगर, शाम 6 बजे से 9 बजे तक बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम तत्पश्चात 9 बजे से 12 बजे तक कीर्तन एवं अरदास के बाद आतिशबाजी की जाएगी।

### कांग्रेस ने किया सिख समाज के नगर कीर्तन का स्वागत

इस अवसर पर गुरुनानक देव जी की जयंती से पहले रविवार को सिख समाज द्वारा निकाले गए नगर कीर्तन का कांग्रेस द्वारा स्वागत किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ और कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ढिल्लो की अगुवाई में पार्टी के कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर नगर कीर्तन में शामिल लोगों का स्वागत किया। कांग्रेसजनों ने जुलूस पर पुष्पवर्षा की और शरबत का वितरण किया। जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने गुरुनानक देवजी के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और सिख गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

# हथकड़ी से हाथ खिसकाकर थाने से फरार हुआ अपराधी

**भोपाल, देशबन्धु।** थाने में पहरे पर तैनात सिपाही की नजर चूकी और धोखाधड़ी का आरोपी हथकड़ी से हाथ खिसकाकर भाग निकला। घटना बैरागढ़ थाने में रविवार सुबह हुई। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में पहरे पर तैनात सिपाही का निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस की चार टीम फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

बैरागढ़ थाना पुलिस के मुताबिक आरोपित 26 वर्षीय राजकुमार अहिरवार मूलत: ग्राम इंदरवास थाना ग्यारसपुर जिला विदिशा का रहने वाला था। उसके खिलाफ बैरागढ़ थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। इसके अलावा विदिशा, गंजबासौदा, कोतवाली सीहोर आदि थानों में भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। सीहोर की कोतवाली थाना पुलिस ने पिछले दिनों उसे गिरफ्तार कर जेल



भेजा था। उसकी गिरफ्तारी की जानकारी मिली तो बैरागढ़ थाना पुलिस राजकुमार को सीहोर जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर भोपाल लाई थी। उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया था। शनिवार रात राजकुमार को हथकड़ी लगाकर थाने में रखा गया था। रविवार सुबह 5.51 बजे तक वह थाने में दिखा, लेकिन सुबह 6 बजे वह हथकड़ी से हाथ खिसकाकर थाने से फरार हो गया था।

बैरागढ़ थाना प्रभारी कमलजीत रंधावा ने बताया कि आरोपी राजकुमार एचसीमएम टेबल के पास हथकड़ी से बंधा था। उसकी निगरानी के लिए सिपाही आशीष रावत को तैनात किया गया था। लेकिन राजकुमार सिपाही की नजर से बचकर हथकड़ी में से हाथ निकालकर फरार हो गया। उसके खिलाफ हिरासत से भागने का मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में पहरे पर तैनात आरक्षक आशीष रावत को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस की चार टीम फरार आरोपी की भोपाल के अलावा विदिशा, रायसेन एवं सीहोर जिले में तलाश कर रही है।

# राज्य ओपन बोर्ड ने 10वीं-12वीं की परीक्षा तारीखों का किया ऐलान

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दिसंबर में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं (परंपरागत), रुक जाना नहीं, मदरसा और आ लौट चलें योजना के तहत आयोजित परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इन परीक्षाओं में पहली बार शामिल हो रहे परीक्षार्थियों या जो पूर्व परीक्षा में अनुपस्थित या फेल हुए हैं, उनकी प्रायोगिकी परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर ही आयोजित की जाएंगी। परीक्षाकाल में अगर सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तब भी परीक्षाएं निर्धारित समय-सारिणी के मुताबिक ही होंगी। इस संबंध में राज्य ओपन बोर्ड ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य ओपन बोर्ड द्वारा जारी समय-सारिणी के मुताबिक 10वीं की परीक्षा 15 दिसंबर से शुरू होगी और 30 दिसंबर तक चलेगी। वहीं 12वीं की परीक्षा 13 से 29 दिसंबर तक चलेगी। 10वीं की परीक्षा जहां दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी, वहीं 12वीं की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में आधा घंटा पहले पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है। परीक्षाओं में समय से न पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और पांच मिनट पहले पेपर दिए जाएंगे। इन परीक्षाओं में एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को राज्य ओपन बोर्ड की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होंगे।

राज्य ओपन बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं और आ लौट चलें योजना के तहत पांचवीं व आठवीं की परीक्षा की भी समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इनकी परीक्षा परंपरागत परीक्षा के समय से अलग है। इसमें 10वीं की परीक्षा 15 से 28 दिसंबर तक चलेगी।12वीं की परीक्षा 13 से 30 दिसंबर तक होगी। वहीं मदरसा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा 15 से 30 दिसंबर तक होगी। 12वीं की परीक्षा 13 से 29 दिसंबर तक होंगी।

## उधर, 9वीं में नामांकन के लिए उम्र के बंधन में दी रियायत

**30 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन**

**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा दाखिले के लिए न्यूनतम आयु संबंधी नए नियम से नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए हजारों विद्यार्थियों को परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए कई प्राचार्यों ने माशिमं के सचिव को पत्र लिखा था। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने नौवीं के नामांकन में उम्र के बंधन में छूट दे दी है। शासन ने पिछले साल के नियम लागू कर दिए हैं। यह नियम सिर्फ सत्र 2023-24 के लिए मान्य होंगे। इस संबंध में मंत्रालय से आदेश जारी हो गए है। अब 31 दिसंबर 2010 के बाद के जन्म लेने वाले विद्यार्थियों का नौवीं में नामांकन हो सकेगा। इस संबंध में माशिमं ने नियमों को शिथिल करते हुए पत्र जारी किया है। इसके अनुसार विद्यार्थी 30 नवंबर तक नौवीं में नामांकन करा सकते हैं। दरअसल मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पहली में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु पांच वर्ष की है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा भी हर साल जारी निर्देशों में पांच वर्ष की न्यूतनम आयु के विद्यार्थियों को पहली कक्षा में प्रवेश देने के लिए सत्र की शुरुआत में निर्देश जारी करता है। इसके अनुसार माशिमं भी नौवीं के नामांकन में न्यूनतम आयु 13 साल की है, लेकिन कई विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में आठवीं तक निरंतर पढ़ते हुए वर्तमान में 12 साल उम्र तक के भी हैं। वर्तमान में माशिमं में नौवीं के नामांकन का कार्य चल रहा है। जिसमें 31 दिसंबर 2010 के बाद के जन्म लेने वाले विद्यार्थियों का नौवीं में नामांकन नहीं हो रहा था। इससे हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का अभी तक नामांकन नहीं हो पाया। मामले में माशिमं ने मप्र शासन, राज्य शिक्षा केंद्र के पहली में प्रवेश के नियम शासन को ही भेज दिए थे जिसमें बताया गया है कि शासन ने पहली में प्रवेश की न्यूनतम आयु पांच साल निर्धारित की है। इसके अनुसार मंडल में 5 प्लस 8 यानि 13 साल की उम्र में नवमीं नामांकन हो रहा है। राज्य शासन ने उम्र के बंधन में शिथिलता प्रदान कर दी है। शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नौवीं में नामांकन पिछले साल के नियमों के आधार पर इस वर्ष सत्र 2023-24 में होंगे। यह नियम सिर्फ वर्तमान सत्र के लिए मान्य किए गए है।

### देरी से भी पहुंचाया था सामान

# ट्रांसपोर्ट कंपनी को देना होगा 30 हजार रुपए हर्जाना

**भोपाल, देशबन्धु।** एक शहर से दूसरे शहर में सामान को भेजने के लिए अक्सर लोग ट्रांसपोर्टेशन कंपनी से बुकिंग करते हैं, लेकिन कंपनी भी भरोसे पर खरा नहीं उतरी। राजधानी के अरेरा कालोनी निवासी एक उपभोक्ता का पूणे से भोपाल स्थानांतरण हुआ। वहां से सामान भेजने के लिए एक ट्रांसपोर्टेशन कंपनी से बुकिंग कराई। लेकिन ट्रांसपोर्टेशन कंपनी ने सेवा में कमी की। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 30 हजार रुपये का हर्जाना लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अरेरा कालोनी निवासी तपी जैन ने मूवर्स एंड पैकर्स प्रा. लि. के प्रबंधक संचालक के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग में 2017 में याचिका लगाई थी। इसमें शिकायत की थी कि 27 मार्च 2017 पूणे से भोपाल के लिए मूवर्स एंड पैकर्स से सामान पैक कराया था। सामान तय तिथि 31 मार्च के बदले एक अप्रैल को पहुंचा। इस दौरान कुछ सामान टूट-फूट के साथ गुम भी हो गया था। इस मामले में ट्रांसपोर्टेशन कंपनी ने तर्क रखा कि सामान उपभोक्ता के सामने पैक कर भरा गया था और पैकिंग सूची पर हस्ताक्षर भी किया था। सभी सामान सुरक्षित पहुंचा दिया गया, जो सामान गुमा है उसकी रसीद उपभोक्ता ने नहीं दी कि कितनी राशि का था। वहीं उपभोक्ता ने पांच हजार रुपये बकाया राशि भी नहीं दिया। लेकिन जिला उपभोक्ता आयोग ने मूवर्स एंड पैकर्स इस तर्क को खारिज कर दिया और उसे दोषी ठहराते हुए कहा कि उपभोक्ता का सामान गुमाने के साथ ही उच्च स्तरीय पैकिंग न करने से काफी टूट-फूट गया। इससे उपभोक्ता को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इस मामले में आयोग क्रमांक-2 की अध्यक्ष गिरिबाला सिंह व सदस्य अंजुम फिरोज ने निर्णय सुनाया कि उपभोक्ता को मानसिक रूप से परेशान होना पड़ा। इस कारण ट्रांसपोर्टेशन कंपनी को 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि के साथ-साथ पांच हजार वाद व्यय देना होगा।

# किराए के कमरे में चल रहा था गैस का अवैध कारोबार

## स्थानीय पुलिस को नहीं थी जानकारी, हादसा होने पर चला पता

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के रहवासी क्षेत्रों में लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके बाद भी पुलिस और प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। अक्टूबर में स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग स्टेशन पकड़ाने के एक महीने बाद ही शाहपुरा के रहवासी क्षेत्र में दूसरा मामला सामने आ गया है। खास बात यह है कि पुलिस प्रशासन को इसका पता भी तब चला जब यहां गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई। आग लगने से अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार करने वाले दो आरोपियों के साथ ही पड़ोसी भी झुलस गए थे। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में अभी 14 किलोग्राम वाला घरेलू गैस सिलेंडर 908 रुपये और 19 किलोग्राम वाला व्यवसायिक सिलेंडर एक हजार 783 रुपये का है। इनसे वाहनों में गैस रिफिलिंग की जाती है। ऐसा ही अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार शाहपुरा में अहिल्या देवी चौराहे के पास इमरत सिंह के मकान में किराये का कमरा लेकर कल्याण साहू और तोरण सिंह कर रहे थे। यह आरोपी घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडर से से पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर में गैस रिफिलिंग कर उसे लगभग 600 रुपये तक बेच रहे थे। शनिवार को जहां गैस रिफिलिंग के दौरान आग लग गई तो कल्याण और तोरण तो चपेट में आए साथ ही पड़ोस में रहने वाले किरायेदार छोटू पटोरिया, उनकी पत्नी राधा और साला शक्ति भी झुलस गए। हालांकि पानी से आग बुझाकर खुद को बचाया और मौके से भाग खड़े हुए थे। उधर घटना के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो यहो से कुल 12 सिलेंडर बरामद किए गए हैं। इनमें पांच घरेलू सिलेंडर, तीन व्यवसायिक सिलेंडर और चार छोटे पांच किलो वाले सिलेंडर शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक तौर पर अनुमान लगाया जा रहा है कि इन बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर में गैस भरी जा रही थी। दरअसल किराये से रहने वाले अधिकांश लोग इन्हीं छोटे सिलेंडर का उपयोग खाना बनाने में करते हैं ।

### इनका कहना है

किराये के मकान में गैस सिलेंडर में आग लगने से हादसा हुआ है। हमने मौके पर टीम भेजी थी इससे पहले शाहपुरा थाना पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जब हमारे पास मामला आएगा तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

**मीना मालाकार,**
जिला आपूर्ति नियंत्रक

# शर्मा ने यूनियन को नई ऊँचाई पर पहुंचाया: भगोलीवाल



## सेवानिवृत्ति पर हुआ भव्य विदाई समारोह

**भोपाल, देशबन्धु।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अवॉर्ड स्टॉफ यूनियन भोपाल सर्किल के अध्यक्ष कामरेड नलिन शर्मा की सेवानिवृत्ति पर रविवार को भव्य विदाई समारोह कुक्कुट भवन भोपाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ फेडरेशन के फेडरेशन के अध्यक्ष कामरेड अरुण भगोलीवाल व महासचिव कामरेड संजीव के. बंदलिश सहित पूरे देश से पधारे फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सैकड़ों कामरेड कर्मचारि शामिल हुए।

इस अवसर पर कामरेड अरुण भगोलीवाल ने अपने संबोधन में नलिन शर्मा द्वारा संघ एवं बैंक में किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शर्मा ने अपनी निष्ठा और कर्मठता से भोपाल की यूनियन को नई ऊँचाई पर पहुंचाया है। इसी तरह महासचिव बंदलिश ने शर्मा के योगदान को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । वहीं सभी अंचलों से आए पदाधिकारियों ने शर्मा को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्टेट बैंक अधिकारी संघ के महासचिव कामरेड सचिन गोखले, अध्यक्ष डी. मिश्रा मुख्य रुप से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में नलिन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# निजी बैंक के उप प्रबंधक ने वृद्ध को निवेश का झांसा देकर 18 लाख रुपए हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार में रहने वाले एक बुजुर्ग के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी के शिकार हुए बुजुर्ग वेयर हाउसिंग कारपोरेशन सेवानिवृत्त अधिकारी है, जबकि एक्सिस बैंक का उप प्रबंधक है। उसने वृद्ध को म्युचुअल फंड और अन्य योजनाओं में निवेश का झांसा देकर उनसे 18 लाख की राशि हड़प ली। जब बुजुर्ग को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने कोलार थाने में शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने उप प्रबंधक पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले में बैंक के पूर्व और वर्तमान प्रबंधक की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कोलार थाना पुलिस ने बताया कि सागर प्रीमियम टावर निवासी रमेश चौधरी उम्र 77 वर्ष वेयर हाउसिंग कारपोरेशन से कुरुक्षेत्र, हरियाणा से सेवानिवृत्त हुए हैं। मई 2022 में ही वह भोपाल में रहने आए थे। उनका हरियाणा के एक्सिस बैंक में खाता था, जिसे कोलार स्थित एक्सिस बैंक शाखा में ट्रांसफर करवाने के लिए वह तत्कालीन बैंक प्रबंधक कमलेश कुमार मंचानी से मिले थे। उन्होंने उन्हें बैंक में उप प्रबंधक के तौर पर कार्यरत आशीष भदौरिया पिता स्व श्यामवीर सिंह भदौरिया निवासी ॠषि सिटी, ईस्ट ॠषिपुरम फेस 1 से मिलवाया था। आशीष ने उनसे से कहा कि उनका बैंक खाता हरियाणा से ट्रांसफर होने में समय लग जाएगा। ऐसे में वह उनका दूसरा बैंक खाता खुलवा देता है। इसके बाद वह नियमित रूप से उनके संपर्क में रहा और उनका भरोसा जीत लिया। उसने इसी भरोसे का फायदा उठाकर उनको बैंक में निवेश संबंधी विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए मोटे मुनाफे का लालच दिया। लिहाजा वे उसकी बातों में आ गए और उन्होंने नौ- नौ लाख रुपये के दो चेक अक्टूबर 2022 में उसे निवेश के लिए दे दिए। इसके बाद वह जब भी आशीष से पूछते कि उन्होंने इन रुपयों को कहां निवेश किया, तो वह गोलमोल जवाब देते हुए गुमराह करने लगा। इस पर जब उन्होंने बैंक में जाकर पता किया तो पाया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उनके नाम से बैंक में कोई निवेश नहीं था, बल्कि उन्होंने 9-9 लाख रुपये के जो दो चेक दिए थे, वह राशि राजीव कुमार सिन्हा और शकुंतला सिन्हा के नाम से दो डीडी बनाकर उनके खाते से निकालकर हड़प कर ली गई। इस बारे में जब उन्होंने बैंक प्रबंधक रजनीश त्रिपाठी से शिकायत की तो उन्होंने उन्हें पुलिस में शिकायत करने से रोकने का प्रयास किया और कहा कि वह पूरी राशि वापस करवा देंगे। लेकिन बुजुर्ग नहीं माने और पूरे मामले की थाने में शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद आशीष भदौरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस फिलहाल आरोपी की तलाश कर रही है।

# बच्चों ने दिया धैर्य रखकर काम करने का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर बायपास स्थित क्विन मैरी हायर सेकंडरी स्कूल में इंग्लिश एसोसिएशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रोल प्ले ऑन टेंसेस , पोयम, एक्ट ऑन पार्ट ऑफ स्पीच, चेट-शो, हेविंन ऑन अर्थ आदि पर मंचन किया। कार्यक्रम में विभिन्न नाटकों के जरिए बच्चों ने धैर्य में रहने का संदेश दिया। वहीं तेनालीराम की कहानी का मंचन कर यह भी बताया कि स्वर्ग ढूंढ़ने कहीं और नहीं जाना है, वह आसपास ही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## मतगणना के लिए तहसीलदार सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतगणना कार्य के सुचारु रुप से संपादन के लिए श्री आलोक पारे, तहसीलदार कोलार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री पारे तत्काल संदीप केरकटा, नोडल अधिकारी (मतगणना) से संपर्क स्थापित करें। कुनाल राउत, तहसीलदार द्वारा आगामी आदेश तक के लिये तहसीलदार कोलार का कार्य संपादित करेंगे।

## भेल कर्मचारियों ने इंसेंटिव भुगतान की फिर उठाई मांग, धरने की चेतावनी दी

**भोपाल, देशबन्धु।** भेल कर्मचारियों ने एक बार फिर विभिन्न मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मांगें नहीं माने जाने की सूरत में भेल कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के नेतृत्व में धरने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में भारतीय मजदूर संघ महामंत्री के कमलेश नागपुरे ने रणनीति पर चर्चा की। वीडियो काल पर संघ के अध्यक्ष विजय सिंह कठैत ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि कोरोना काल की आड़ में भेल भोपाल प्रबंधन ने कर्मचारियों की सबसे महत्वपूर्ण स्कीम इंसेंटिव इन सैलरी का भुगतान बिना बातचीत के बंद कर दिया, जबकि यह कर्मचारियों के कार्य को मापने का एक पैमाना था। सौ प्रतिशत कार्य करने पर उसे प्रोत्साहन राशि प्राप्त होती थी, लेकिन कोराना काल में प्रबंधन ने इसे एकतरफा बंद कर दिया। तब से लेकर अभी तक लगातार यूनियन इसकी मांग कर रहा है, लेकिन प्रबंधन उसको अनसुना कर रहा है। इसके अलावा प्रबंधन कर्मचारियों की पाली में परिवर्तन करने की सोच रहा है। इस पर बीएमएस ने कहा कि जब तक इंसेंटिव का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक पाली ड्यूटी पर किसी प्रकार की कोई चर्चा नहीं होनी चाहिए।

# रोटरी क्लब ने महिलाओं के लिए लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा ट्रिनिटी मल्टी स्पेसलिटी हॉस्पिटल चुना भट्टी के सहयोग से महिलाओं के लिए निशुल्क जांच और परामर्श चिकित्सा शिविर आयोजित किया। शिविर मे 60 से अधिक महिलाएं जांच और इलाज के लिए आई। डॉ अपर्णा गुप्ता, डॉ अंकिता पाटीदार ने इन महिलाओं की जांच कर दवाई आदि दी। शिविर मे निशुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई ।इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा की ट्रिनिटी हॉस्पिटल समय -समय पर गरीबों के लिए निशुल्क कैंप आयोजित करेगा। शिविर में क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ पी के भागवत, जीके छिब्बर और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# उर्वशी ने ओपन नेशनल प्रतिस्पर्धा में स्थान किया सुनिश्चित

**भोपाल, देशबन्धु।** नेशनल विज्ञान प्रतिस्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 भोपाल की छात्रा उर्वशी अग्रवाल के समूह ने सर्वोत्तम प्रदर्शन कर ओपन नेशनल प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (अधिवेशन) 2023 का समापन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 आगरा में हुआ। राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रतिस्पर्धा में लगभग 25 क्षेत्रीय कार्यालय से 450 बच्चों ने भाग लिया। भोपाल संभाग से दो मॉडल चयनित किए गए, जिसमें पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 से उर्वशी अग्रवाल का समूह और दूसरा केंद्रीय विद्यालय सीहोर ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए देश भर से 42 मॉडल का चयन किया गया था, जिसमें विज्ञान के 25 मॉडल वरिष्ठ वर्ग से और 17 कनिष्ठ वर्ग से शामिल किए गए थे। भोपाल से विद्यालय की सीनियर शिक्षिका



भावना जायसवाल छात्र-छात्राओं को लेकर आगरा पहुंची थी। छात्रों को प्रतिस्पर्धा के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, कौशलेंद्र सिंह, मीता चौरसिया, सुषमा दीक्षित सहित अन्य शिक्षकों ने तैयार किया था। विद्यालय के प्राचार्य सरजीत सिंह सहित समस्त अध्यापकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उर्वशी अग्रवाल के बेहतर प्रदर्शन से ना केवल केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 का नाम रोशन हुआ बल्कि भोपाल एवं समस्त मध्य प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

# निमाड़ी गायन और गुदुमबाजा नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित संभावना गतिविधि में रविवार को सुश्री संदीपा पारे एवं साथी, भोपाल द्वारा निमाड़ी गायन और लामूलाल धुर्वे एवं साथी, अनूपपुर द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य गुदुमबाजा की प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुतियों ने श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय् में गतिविधि की शुरूआत निमाड़ी गायन से हुई, जिसमें सुश्री संदीपा पारे एवं साथी द्वारा गणेश वंदना पयल मनाऊँ म्हारा गणपति देवा..., सुप्रभात कुकड़ा सार बोल मोर बरज नगर म..., ह ऊँ तो अगवाड लगाऊं अम्बा अमली..., नागरवन्ति झोपड़ी माया को अंत न पर..., खोलो किवाड़ी माता देखां थारी वाड़ी..., हजार पान सुपारी डेढ़ सौ धोन्ध धोन्धाल्यो रे गणपति..., जैसे कई लोकगीतों की प्रस्तुति दी। मंच पर गायन में संदीपा पारे, सह-गायन में तृप्ति बिल्लोरे, रश्मि उपरीत, हारमोनियम पर पं.जितेंद्र शर्मा, ढोलक पर रघुवीर सिंह,बांसुरी पर नितेश मांगरोले ने संगत की।

प्रस्तुति के अगले क्रम में लामूलाल धुर्वे एवं साथी, अनूपपुर द्वारा गोंड जनजातीय



नृत्य गुदुमबाजा की प्रस्तुति हुई। गुदुमबाजा नृत्य गोण्ड जनजाति की उपजाति ढुलिया का पारम्परिक नृत्य है। समुदाय में गुदुम वाद्य वादन की सुदीर्घ परम्परा है। विशेषकर विवाह एवं अन्य अनुष्ठानिक अवसरों पर इस समुदाय के कलाकारों को मांगलिक वादन के लिए अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाता है। इस नृत्य में गुदुम, डफ, मंजीरा, टिमकी आदि वाद्यों के साथ शहनाई के माध्यम से गोण्ड कर्मा और सैला गीतों की धुनों पर वादन एवं रंगीन वेश-भूषा और कमर में गुदुम बांधकर लय और ताल के साथ, विभिन्न मुद्राओं में नृत्य किया जाता है।

भोपाल, सोमवार 27 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सुरंग में जीवन, तो आस्मां में छवि की तलाश

ऐसे वक्त में जब उत्तरकाशी स्थित सिल्क्यारा की धसकी हुई सुरंग में 14 दिनों से 41 मजदूर फंसे पड़े हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गगन में लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भर रहे हैं। पिछले करीब एक हफ्ते से लग रहा था कि अंधेरी सुरंग में मजदूर कभी भी बाहर आ सकते हैं, लेकिन हर गुजरता दिन बेनतीजा साबित हो रहा है। इन सबसे बेपरवाह मोदी के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। एक राज्य से निकलकर दूसरे राज्य में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान में गुरुवार की शाम को प्रचार अभियान थमने के तुरन्त बाद मोदी मथुरा पहुंचे जहां उन्होंने ब्रज रज उत्सव के नाम से आयोजित मीरा जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। फिर वे शुक्रवार की अल्लसुबह कृष्णजन्मभूमि में उस स्थान पर भगवा वस्त्र धारण कर पहुंचे जहां श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। शनिवार को सुरंग में बचाव अभियान इसलिये रुक गया क्योंकि ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन की ब्लेड सरियों से टकराकर टूट गई। अब मलबे को हाथ से हटाये जाने की तैयारी है और मजदूरों को बाहर का सूरज देखने के लिये अभी इंतज़ार करना पड़ सकता है।

यह विडंबना ही है कि बचाव अभियान की समीक्षा करने या मजदूरों की खोज-खबर लेने या फिर इस बाबत कोई बात करने की बजाये पीएम की वरीयता लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भरने की है। वैसे मोदी नामक फिनोमिना में यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं रह गयी है क्योंकि देश उन्हें पिछले तकरीबन साढ़े नौ वर्षों से यही सब करता हुआ देख रहा है। उनके इस कार्यकाल में अनगिनत घटनाएं ऐसी हुई हैं जिनमें प्रधानमंत्री उन्हें नज़रंदाज़ कर या आवश्यक कार्रवाई न कर गैरजरूरी काम करते हुए दिखे हैं। छोटी-मोटी घटनाओं को एक तरफ कर दें तो 20 जवानों को लील लेने वाले पुलवामा में सीआरपीएफ की टुकड़ी पर आतंकी हमला होने के बावजूद मोदी वन्य जीवन पर शूटिंग करने में व्यस्त थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कई बार उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन वे संचार प्रणाली की पहुंच से बाहर थे। शाम को जब उनसे बात हुई भी तो मोदी ने उनसे चुप रहने के लिये कहा। मणिपुर में उन्हें जाने का कभी भी समय नहीं मिला जो हिंदू मैतेई एवं ईसाई कुकी सम्प्रदायों के परस्पर टकराव से जल रहा है। लगभग आठ महीनों में वहां अनेक हत्याएं हुई हैं। अब भी जारी हैं। हजारों मकान जल गये हैं, बड़ी तादाद में लोग शरणार्थी शिविरों में बसर कर रहे हैं। तो भी वहां जाना तो दूर की बात है, मोदी ने इस बाबत मुंह से तब तक एक शब्द भी नहीं निकाला जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह चेतावनी नहीं दे दी कि अगर वह कुछ नहीं करती तो शीर्ष न्यायालय ही कोई कदम उठायेगा।

जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें प्रचार के दौरान मोदी ने मुद्दों पर कम बात की और विरोधी दलों के नेताओं पर व्यक्तिगत हमले और उनकी छवि को धूमिल करने के ही अधिक प्रयास किये। मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं- सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी तथा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर मोदी अपने खास सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं स्टार प्रचारकों के साथ विशेष आक्रामक रहे हैं। उनकी छवि पर बड़े हमलों का कारण यह भी है कि मोदी की अपनी छवि लगातार दरक रही है। सिलसिलेवार प्रशासनिक असफलताओं के कारण अब उनकी योग्यता पर सवाल उठने लगे हैं। इनके चलते, प्रमुख प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, जहां मतदान हो चुका है उन सभी में भाजपा की पराजयों के अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं। तीनों राज्यों में स्थानीय नेतृत्व को दरकिनार कर दिया गया है और चुनाव मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया है। ऐसे में आने वाले समय में मोदी की छवि के पूर्णतः ध्वस्त होने की भी पूरी सम्भावना बताई जा रही है।

इन तमाम परिस्थितियों में मोदी को अपनी छवि को दुरुस्त करने और नये सिरे से निखारने की ज़रूरत है। तेजस के कॉकपिट में बैठकर शून्य में मोदी न जाने किसे हाथ लहरा रहे हैं, लेकिन यह बात तो साफ है कि वे अपनी छवि को नयी ऊंचाइयां देने के लिये संघर्षरत हैं जिसे उन्हें अगले वर्ष के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों तक संजोकर रखना होगा। ऐसा न होने पर चुनाव जीतने की बात तो दूर है, उनकी दावेदारी तक को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इसलिये मोदी को क्रिकेट विश्व कप का अंतिम मुकाबला उन्हीं के नाम पर बने अहमदाबाद के स्टेडियम में कराना पड़ता है जबकि ऐसे आयोजनों के लिये मुम्बई का वानखेड़े या कोलकाता का ईडन गार्डन स्टेडियम अपनी ऐतिहासिकता और खेल सन्दर्भों के कारण कहीं अधिक मुफ़ीद माना जाता है। जैसा कि अब खुलासा हुआ है, विश्व कप जीतने पर ट्रॉफी के साथ मोदी की राजस्थान में भव्य यात्रा निकालने की योजना थी ताकि उसका सियासी लाभ लिया जा सके, लेकिन जिस जीत का श्रेय वे लेना चाहते थे, वह मुकाबला भारत हार गया और वे जनता से मिले नये नाम 'पनौती' को खुद पर चस्पां कर स्टेडियम से बाहर निकले। उनका गुस्सा निर्वाचन आयोग के जरिये राहुल को जारी नोटिस से निकला। बहरहाल, तेलंगाना को छोड़कर, जहां प्रचार मंगलवार को थम जायेगा, सभी जगहों पर (उपरोक्त के अलावा मिजोरम भी) मतदान हो गया है। इसके मद्देनज़र मोदी के पास एक और डबल इंजिन वाले राज्य उत्तराखंड की सुरंग में फंसी 41 ज़िंदगियों के लिये चिंता करने का समय नहीं है। उन्हें आकाश में उड़ान भरकर पहले अपनी छवि को गगनचुंबी बनाना है।

# ये विधानसभा फैसला करेंगी कि 2024 किसका होगा

अब कांग्रेस के वापस इंडिया में समाहित होने का समय है। चार राज्यों के चुनाव हो गए हैं। पांचवे तेलंगाना के 30 नवंबर को हो जाएंगे। पांचों राज्यों में कांग्रेस मुख्य रोल में थी। भाजपा केवल तीन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में थी। बाकी मिजोरम में भाजपा जो अभी सरकार में है वह खत्म हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो सब जगह चुनाव में जाते हैं, स्थानीय निकायों तक के, वे मिजोरम गए ही नहीं। साढ़े 9 साल में यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री किसी राज्य के चुनाव में नहीं गए।

कारण बहुत स्पष्ट मणिपुर था जो करीब 7 महीने से गृह युद्ध की आग में जल रहा है। 200 के करीब लोग मारे जा चुके हैं। जिनमें सेना और सुरक्षा बल के लोग भी शामिल हैं। विपक्ष के नेता राहुल वहां हो आए हैं। मगर प्रधानमंत्री वहां गए ही नहीं। नाराजगी और गुस्सा सिर्फ वहां के लोगों में ही नहीं है मणिपुर के आसपास के इलाकों में भी है।

उसी मणिपुर से मिजोरम की सीमा लगी हुई है। भारी हिंसा के बाद लोग मणिपुर से पलायन करके मिजोरम पहुंचे थे। अभी भी हजारों लोग वहां शरणार्थी की तरह रह रहे हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने और हिंसा रोकने के कोई गंभीर प्रयास नहीं करने, राज्य सरकार जो पूरी तरह फेल हो गई है उसे बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन तक न लगाने से पड़ोसी मिजोरम में इतना आक्रोश है कि वहां के मुख्यमंत्री जोरमथांगा जो वहां भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं, को यहां तक कहना पड़ा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी आए तो वे उनके साथ मंच शेयर नहीं करेंगे। आज तक किसी प्रधानमंत्री के लिए यह नहीं कहा गया है।

मगर गोदी मीडिया यह नहीं चलाएगा। वह पूरी ताकत से हाई लाइट करेगा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो फाइटर प्लेन में उड़े। कुछ टीवी चैनलों ने तो यहां तक चलाया कि मोदी ने फाइटर प्लेन उड़ाया!

जनता को बिल्कुल ही बेवकूफ समझ रखा है। बिना सीखे तो कोई साइकल नहीं चला सकता। मगर मोदी जी ने फाइटर प्लेन उड़ाया! और दूसरी बात इनसे पहले कोई प्रधानमंत्री इसमें नहीं उड़ा! मतलब कोई और अगर उड़ना चाहता तो एयर फोर्स मना कर देती!

हद है! प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की क्या यह ख्वाहिश हो सकती है कि वह फाइटर प्लेन में घूमे? प्रधानमंत्री के लिए करने को बहुत काम होते हैं। केवल नेहरू पर दोष मढ़ने और जहाजों में घूमने का ही काम नहीं होता है। बल्कि यह भी देखने का होता है कि हमारे 41 मजदूर दो हफ्ते से ज्यादा समय से सुरंग में किस तरह फंसे हुए हैं।

जिस समय प्रधानमंत्री तेजस, जिसे बनाया भी कांग्रेस के समय ही गया था, में बैठने से पहले फोटो खिंचवा रहे थे उस समय उत्तराखंड से सबसे खराब खबर आ रही थी कि मजदूरों को निकालने वाली मशीन टूट गई है। जिस विदेशी मशीन से उम्मीद बंधी थी वह अब काम नहीं कर सकेगी।



शकील अख्तर

> अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा।

मगर इन सबसे बेपरवाह प्रधानमंत्री अलग- अलग मुद्राओं में तेजस के साथ फोटो बनवा रहे थे और टीवी में इस तरह बता रहा था कि जैसे सिर्फ तेजस ही नहीं उसे बनाने वाली हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी 2014 के बाद ही बनी है। कांग्रेस के समय में बनाए गए एचएएल का कोई जिक्र नहीं।

लगता है जैसे प्रधानमंत्री इन सब चीजों से बहुत ऊपर उठ गए हैं। मणिपुर की हिंसा पर कोई बयान नहीं। दिल्ली और एनसीआर में इतना जबर्दस्त वायु प्रदूषण फैल रहा है उस पर एक मीटिंग नहीं। यह दिल्ली और एनसीआर से आगे जाकर कई राज्यों में अपना असर दिखा रहा है क्या बिना केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के इस समस्या का कोई समाधान संभव है? मगर प्रधानमंत्री मौन! वैसे ही जैसे चीन की घुसपैठ पर हैं। वह तो अच्छा है मामला केन्द्र सरकार पर नहीं आ रहा। मीडिया पूरा दोष दिल्ली सरकार पर रख रहा है कि उसी की गलती है नहीं तो प्रधानमंत्री जी को चीन के मामले की तरह यहां भी यह कहना पड़ता कि कोई प्रदूषण नहीं है। न कोई जहरीली हवा आई है, न है।

और सबसे गजब तो जनता की तंद्रा है। वह साढ़े 9 साल से ऐसे सोई हुई है कि उसे किसी चीज से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा। नौकरी नहीं है, महंगाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री राजस्थान में जाकर कह रहे हैं कि 450 का सिलेंडर देंगे। अरे भाई जब वहां दे सकते हो तो पूरे देश में एक हजार से ऊपर का क्यों? सब जगह साढ़े चार सौ का दीजिए ना! मगर कोई पूछने वाला नहीं। प्रधानमंत्री के जो मन में आता है बोलते हैं और जो नहीं बोलना होता, जनता के मतलब की बात होती है वह नहीं बोलते। मंगलयान से मंगल ग्रह पर अपना फोटो पहुंचा देते हैं। और देश में ही मणिपुर, मिजोरम नहीं जाते।

यह पांच राज्यों के चुनाव इस बात का भी फैसला करेंगे कि क्या मोदी का यह मेरी मर्जी का एटिट्यूट जारी रहेगा या उन्हें जवाबदेह बनना होगा। जवाबदेह जनता के प्रति, मगर साथ में अपनी पार्टी के प्रति भी। अभी मोदी जी किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं। संसद के प्रति भी नहीं। वहां सदन में बैठते ही नहीं हैं। विपक्ष का तो रोज, नए-नए नाम झूठों का सरदार, घमंडिया और भी बहुत सारे रखकर, मजाक उड़ाते रहते हैं उसे जवाब देने का तो सवाल ही नहीं। जनता को हिन्दू-मुसलमान के नशे में ऐसा बेसुध कर रखा है कि वह अपने बच्चों का भविष्य तक भूल गई है और अपनी पार्टी भाजपा के नेताओं को तो उन्होंने इन विधानसभा चुनावों में बता ही दिया कि वे राज्यों के चुनाव भी बिना राज्यों के नेताओं को साथ लिए लड़ सकने का दम दिखा सकते हैं। अब परिणाम जो भी हो उन्होंने राजस्थान में वसुंधरा राजे को किनारे धकेल कर और मध्य प्रदेश में तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम तक न लेकर यह चुनाव लड़ लिया।

अब अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा। लेकिन अगर मोदी जी हार गए तो फिर 2024 उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगा। अभी यह पांच राज्यों में कांग्रेस लड़ रही है। और अगर जीत गई तो वह इंडिया हो जाएगी। मतलब फिर 2024 के लिए वह विपक्षी एकता को वापस मजबूत करने में लग जाएगी।

2024 में मोदी से कोई विपक्षी पार्टी अकेले नहीं लड़ सकती। चाहे इन विधानसभाओं में मोदी जो हर राज्य में खुद ही लड़ रहे हैं हार भी जाएं। वह हार कर भी इतने मजबूत रहेंगे कि अकेले कांग्रेस या यूपी में सपा या बंगाल में तृणमूल या दिल्ली में केजरीवाल कोई सोचे कि वह हरा देगा तो आसान नहीं है। लेकिन अगर सब मिलकर इंडिया बन कर लड़े तो फिर मोदी जी के लिए 2024 आसान नहीं होगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# तेलंगाना में कांग्रेस आगे बढ़ी है, लेकिन बीआरएस के मुकाबले और मेहनत जरूरी

■ **सुशील कुट्टी**

'बीआरएस को हराने के लिए लोग तैयार' जैसी सुर्खियां पूरी सच्चाई सामने नहीं लातीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफ मीडिया में एक कहानी चल रही है। यदि मीडिया की भविष्यवाणियों पर भरोसा किया जाये तो लगता है कि बीआरएस बुरी स्थिति में है। तेलंगाना के अंदर और बाहर से हर कोई भविष्यवाणी कर रहा है कि केसीआर जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री हो जायेंगे क्योंकि बीआरएस की सेहत ठीक नहीं है।

उदाहरण के लिए, तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन, काफी अस्वाभाविक रूप से, वह तेलंगाना के लिए कह रहे हैं कि 'आइए बीआरएस को हरायें' क्योंकि केसीआर और उनकी पार्टी बीआरएस चुनाव लड़ने और जीतने के लिए 'ड्रग संस्कृति' और 'शराब संस्कृति' पर भरोसा कर रही है, जो न केवल एक मूर्खतापूर्ण दावा है बल्कि गलत साबित होने के लिए भी अभिशप्त है।

केसीआर की तेलंगाना सरकार की तुलना एमके स्टालिन की तमिलनाडु सरकार से करना एक और अन्नामलाई का अपमान था। पुलिस से नेता बने नेता ने कहा कि केसीआर और स्टालिन एक तरह के दो लोग हैं, जो अपने राज्यों को चलाने के लिए उत्पाद शुल्क आय पर निर्भर हैं। अन्नामलाई ने दावा किया कि तेलंगाना और तमिलनाडु में 80प्रतिशत से अधिक वयस्क पुरुष शराबी हैं।

> यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अन्नामलाई के ऐसे बयानों के आदी हैं, लेकिन केसीआर के लिए यह अप्रत्याशित घटना थी। हां, चुनाव पुराने दुश्मनों को मजबूत करने के साथ-साथ नये दुश्मन भी बना देते हैं। केसीआर के पास इतने पुराने दुश्मन हैं कि उन्हें नये दुश्मन जोड़ने की चिंता नहीं है। केसीआर के पुराने दुश्मनों में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं।

कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी जन्मजात केसीआर-दुश्मन हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी केसीआर-मित्र नहीं रहे हैं। केसीआर का दुबला-पतला शरीर इन दो सज्जनों के फ्रेम में फिट नहीं बैठता है। केसीआर की राहुल-विरुद्धता के बारे में सभी जानते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निर्देशित केसीआर की टिप्पणियों ने शीर्ष सुर्खियाँ बटोरी हैं।

ध्यान दें कि तेलंगाना और तमिलनाडु दोनों में वंशवाद है और अन्नामलाई तेलंगाना सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंशवाद-तख्ते को लागू कर रहे हैं। भाजपा के लिए तेलंगाना में परिवारवाद चुनावी मुद्दा है। तेलंगाना को लक्ष्य करने वाले जनमत सर्वेक्षण लगातार भाजपा को खराब रेटिंग दे रहे हैं, लेकिन भाजपा की बात सुन रहे हैं और पार्टी इस कहावत पर जी रही है कि हर कुत्ते का दिन फिरता है।

'लोग बीआरएस सरकार को हराने के लिए तैयार हैं' अन्नामलाई बोल रहे थे। हर भाजपा नेता की तरह, अन्नामलाई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करने के आदी हैं। और तेलंगाना में भाजपा के लिए भ्रष्टाचार एक और चुनावी मुद्दा है। लेकिन लोगों ने यह पूछना बंद कर दिया है कि केसीआर की बेटी के कविता को आप नेताओं के लिए ईडी-इलाज क्यों नहीं मिल रहा है? इसलिए जब अन्नामलाई कहते हैं, 'यदि आप भाजपा को आशीर्वाद दें, तो हम भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेंगे', तो इस पर हंसना मुश्किल है।

फिर, अन्नामलाई के तेलंगाना समकक्ष, जी किशन रेड्डी हैं। बीआरएस के खिलाफ 'मूक क्रांति' का उनका दावा मीडिया की कहानी पर फिट बैठता है। लेकिन जब वह 'भाजपा सत्ता में आयेगी' कहकर भ्रमित हो जाते हैं, तो उनका मूड खराब हो जाता है। मीडिया सर्वेक्षण और जनमत सर्वेक्षणों में भाजपा को केवल एक अंक का आंकड़ा दिया गया है, जो कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों से काफी पीछे है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को पांच से छह सीटें मिलेंगी और भाजपा को भी इतनी ही सीटें मिलेंगी- उनमें से एक है 'टाइगर' राजा सिंह की गोशामहल सीट।

दरअसल, सारी सकारात्मक भावनाएं कांग्रेस के लिए हैं। मीडिया सर्वेक्षणों और जनमत सर्वेक्षणों ने कांग्रेस की कमर कस ली है। जहां एक ओर भाजपा यह बताने में तत्पर है कि लोग बीआरएस प्रचार वाहनों को अपने गांवों में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रचार वाहनों पर ऐसी कोई रोक नहीं है। भाजपा की आपत्ति यह है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने नागरिकों पर 'तेलंगाना चुनाव टैक्स' लगाया है। फिर चुनाव वाले सभी राज्यों की तरह, भाजपा का चुनावी वादा है-'डबल इंजन की सरकार'।

यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।

हालांकि, वास्तविकता यह है कि कांग्रेस लहर पर सवार है और सुनामी जैसी आशावाद में डूब रही है। बेशक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह, कांग्रेस 24 घंटे मुफ्त बिजली से लेकर किसानों के कर्ज माफ करने और महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय भुगतान तक की गारंटी के बारे में बात करना बंद नहीं कर सकती। बीआरएस का कहना है कि कांग्रेस का घोषणापत्र 'बेकार और झूठ से भराञ् है। लब्बोलुआब यह है कि सभी तीन पार्टियां शीर्ष पर होने का दावा कर रही हैं, परन्तु मतदाताओं ने अपना मन बना लिया है कि उन्हें क्या करना है, जिसका खुलासा 3 दिसम्बर को परिणाम आने पर होगा।

## प्रकाश पर्व

# समाज सुधारक गुरु नानक देव

गुरुनानक जी का जन्म 1469 को महिता के गृहग्राम तलवंडी ननकाना साहिब (अब पाकिस्तान) में हुआ। पिता का नाम कालूचंद एवं माता का नाम तृप्ता था। उनके प्रकाश दिवस पर उनके जीवन पर दृष्टि डाली जाए। उस समय पूर्व देश में चारों तरफ धर्म की उपेक्षा हो रही थी। धर्म के मुखियाओं ने धर्म को खिलौना बना दिया था। राजा सिंह की भांति जनता को नोच नोंच कर परेशान कर रहे थे। गीता में कहा गया है- जब जब होता नाश धरम का और पाप बढ़ जाता है तब लेते अवतार प्रभु यह विश्व शांति पाता है।

मानवगण पुकार पुकार कर प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे थे तब प्रभु परमात्मा ने पुकार सुनकर गुरु नानक को शांति स्थापित करने हेतु धरा पर भेजा-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जग माहे पठाइआ।
सतगुरु नानक प्रगटिया मिही धुंध जग चाणन होआ।।

आपको पढ़ने भेजा तब आपने उस बांधे को ही सारे अक्षरों का अर्थ कर बता दिया। जब आप गाय, भैंस चराने गए तो एक पेड़ के नीचे बैठ कर विश्राम करने लगे तब सिर पर धूप पड़ने लगी तब एक सर्प ने आकर आपके मुख पर छाया कर दी। जब उन्हें उनके पिता ने 20 रुपए दे कर सौदा लाने के लिए भेजा तो आप ने रास्ते में बैठे भूखे साधू को महात्मा को भोजन का सामान दिला दिया सोचा कि इससे अच्छा सौदा और कुछ हो ही नहीं सकता।

तब आपके पिता ने आपको अपनी बहन नानकी के गांव सुलतानपुर लोधी के यहां भेज दिया। वहां उनका बहनोई इन्हें किसी काम पर लगवा देंगे तब जीजा जयराम ने आप को नवाब दौलत खां लोधी के मोदी खाने में काम पर लगा दिया वहां आप जब रसद वगैरह तौलकर देते तब सब तेरह तेरह करके उनको कई दफा ज्यादा रसद दे देते। इनकी शिकायत नवाब से की गई तब उनका हिसाब किया गया तो गुरु नानक देवजी को ही और रकम नवाब से मिली तब आप ने नवाब की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। एक दिन आप सुलतानपुर में बेड़े नदी स्नान करने गए और ऐसी डुबकी लगाई कि तीन दिन तक निकले ही नहीं। वहीं से आप सचखंज गए प्रभु परमात्मा से मिलकर फिर वहीं नदी से बाहर आए। 'बाबा पैंधा सचखंण नवनिधि नाम गरीबी पाई' नदी से बाहर आने पर आपने ध्यान लगाया तो देखा हाहाकार मची हुई है। बाबा देखे ध्यान धर जलती सब पृथवी दिसआई। बस फिर आपने भाई बाला और मरदाना के साथ लोगों को प्रभु सिमरन कराने के लिए लम्बी यात्राएं कीं जिनको आप चार उदासियां कहा जाता है। आपके प्रचार करने का अंदाज ही निराला था। आपने जगह-जगह प्रचार किया और लोगों को प्रभु सिमरन भक्ति से जोड़ा और आमनाबाद में जब आप भाई लालो के घर में रुके तब मलक भागो ने भोज कराया और सारे गांव को प्रसाद गहण कराया और गुरुदेव को भी न्यौता दिया। तब आप नहीं गए। गुरुदेव को जबदस्ती बुलाया गया और तब गुरुदेव ने उनकी पूड़ी-कचौड़ी को एक हाथ में और दूसरे हाथ में भाई लालो की कोदरे की रोटी को पकड़ा और दोनों को निचोड़ा तो कोदरे की रोटी से दूध और पूड़ी-कचौड़ी से खून की धार निकली। तब उन्होंने मलक भागो से कहा-आपने गरीबों का खून चूस चूस कर यह भोजन बनाया है इसलिए यह खाने योग्य नहीं है। ईमानदारी से मेहनत करके रोटी बनाई है इसलिए इसमें से दूध की धार निकली। एक बार जब आप जगन्नाथपुरी में आरती की तो -गगन में थाल रविचंद दीपक तार का मंडला जनक मोती। धूप मलयानले पवन चवरो करे सगल बनराय फुलंत जोती।।

**इंदरसिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### उत्तरकाशी में टनल में फंसे 41 मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी बरकरार

बड़े-बड़े पुल, भवन और इमारतों के निर्माण में मजदूरों का योगदान सराहनीय रहता है। जीवन को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटते है। उत्तरकाशी का दर्दनाक हादसा आंखों से ओझल भी नहीं हो रहा है। टनल में फंसे 41 मजदूरों के लिए देश-विदेश से दुहाई की जा रही है लेकिन 15 दिन बाद भी टनल के रेस्क्यू में अड़चन खड़ी हो रही है। मजदूरों के फंसे रहने से उनके परिवारजनों की दिलोदिमाग की हालत खराब होती जा रही है। उत्तराखण्ड की सरकार हर संभव उपाय कर रही है। अमेरिका को ऑगर मशीन टूटने के बाद विदेशी विशेषज्ञों के सभी उपाय नाकाम साबित होते दिख रहे है। वर्टीकल ड्रिलिंग शुरू की गई है जिससे पहाड़ से खुदाई कर लोगों को सही सलामत बाहर निकालने में सफलता मिल सके। 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है लेकिन राजस्थान विधानसभा चुनाव में उत्तरकाशी के मजदूरों पर कांग्रेस सियासत करना नहीं भूली। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने राहुल के विवादित बयान का जवाब देने की जगह टनल में फंसे मजदूरों पर सियासत गर्म की गई। टनल में फंसे सभी मजदूरों को बाहर निकालने में बहुत सारी कम्पनियों ने कमर कस ली है। सरकार ने लैंडलाइन टनल में डालकर मजदूरों के परिवार से टेलीफोन से बात कराने की व्यवस्था की गई है। पहाड़ काटकर टनल की चोटी से खुदाई शुरू की है। समय लग सकता है लेकिन सरकार के उपाय कारगर साबित होने की पूरी संभावना है। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है। अचानक हुए हादसे में 41 मजदूरों के फंसने के बाद उनके परिवारजनों के हालात खराब हैं लेकिन सरकार की पूरी कोशिश रही है कि सभी मजदूरों को किसी भी हालत में सही सलामत उनके परिवार को सौंपना है। अनेक दिक्कतों के बाद नई समस्या आ खड़ी हुई है। खुदाई में मलबा गिरने की संभावना है। बहरहाल, सभी उपाय किए जा रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशीय निक्की हेली का वर्चस्व

अमेरिकी नागरिकों का भारत के प्रति बढ़ता स्नेह और तेजगति से हिन्दू धर्म की तरफ आकर्षित होते अमेरिकियों का कोई सानी नहीं है। वैसे तो कट्टरपंथी देशों में राधेश्याम, हरे कृष्णा और सीताराम के जयकारे लगने लगते रहे हैं। सऊदी अरब में मन्दिर का निर्माण एक कौतूहल पैदा कर रहा है। भारत और भारतवासियों की विदेशों में भी बोलबाला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतवंशी है और अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कैलिफोर्निया की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं। भारतवंशी अनेक पदों को सुशोभित कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। ऋषि सुनक 2022 में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बने। इसी क्रम में निक्की हेली का जनाधार अमेरिका में बढ़ता जा रहा है। वे राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका में युवा चेहरा है। जो डोनाल्ड ट्रंप के बाद दूसरी जनाधार पार्टी के रूप में आगे बढ़ रही है। निक्की हेली की लोकप्रियता बरकरार है। अमेरिकावासियों के दिल मे भारतवंशियों का नाम सबसे आगे है। अमेरिका में भारत के लोगों का विश्वास भरपूर है। निक्की हेली की दानदाताओं ने भरपूर मदद की है। इस बार हेली की जीत पर कोई ग्रहण नहीं लगता है तो 2024 में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाजी मार सकती हैं।

अमेरिका और ब्रिटेन दुनिया में महासत्ता के नाम से जाने जाते हैं। इन पर भारतवंशिय का बोलबाला है तो इससे बढ़कर भारत का गौरव और क्या हो सकता है। निक्की की बढ़ती लोकप्रियता में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अहम भूमिका हो सकती है। विदेश नीति में सुधार, गर्भपात के अधिकार पर हेली का रुख कहीं न कहीं सफलता की ओर अग्रसर हो रहा है। जटिल मुद्दे उठाकर निक्की ने लीडरों को अपने पाले में कर लिए हैं जिससे उम्मीद बढ़ गई है। हेली को मिलने वाले करोड़ों के फंड से यह तय है कि हेली चुनाव में परचम लहरा सकती हैं। यह भारत के लिए सुखद समाचार है। दुनियाभर में भारत का नाम रोशन करने वाले भारतवंशियों की साख में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार व नर्मदा भक्त जैमिनी का निधन



**भैरुदा, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार व नर्मदा भक्त सुरेश कुमार जैमिनी का गुरुवार को पैदल नर्मदा परिक्रमा करने के दौरान मंडला जिले के डिंडोरी में ह्रदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। सुरेश जैमिनी के चले जाने से पूरे पत्रकार जगत में शोक की लहर है। सुरेश जैमिनी 7 मई को पैदल परिक्रमा के लिए नेमावर घाट से नर्मदा की पूजा-अर्चना करने के बाद रवाना हुए थे। उन्होंने साढ़े 300 किमी की पैदल यात्रा कर जबलपुर में चतुर्मास किया। चतुर्मास के बाद वह पुन: परिक्रमा के लिए रवानाहो गए थे, लेकिन गुरुवार को अचानक ह्रदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार क्षेत्र के नर्मदा तट नीलकंठ घाट पर किया गया, जहां उनके पुत्र गोलू जैमिनी ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर लगा मेला



**सिरोंज, देशबन्धु।** बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले के शुभारंभ में बाबा विश्वनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर में झंडा चढ़ाया। जिसमें नायब तहसीलदार समिति अध्यक्ष अरविंद पालीवाल, लाखन सिंह राजपूत, नरेंद्र पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन राजपूत होरल सिंह राजपूत आदि शामिल हुए। देवपुर में लगने वाले मेले की सूचना पहले ही पुलिस को समिति द्वारा दी गई थी लेकिन पुलिस के जवान यहां नहीं पहुंचे जिसके कारण रोड पर और मंदिर घाट सभी जगह जाम की स्थिति बनी रही।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में 3 दिसम्बर को होगी मतगणना

**रायसेन,देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में 17 नवम्बर को हुए मतदान की मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि मतगणना हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारियां की जा रही हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मतगणना की प्रक्रिया 03 दिसम्बर को प्रात: 08 बजे प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा हेतु दो मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र सांची, उदयपुरा, भोजपुर हेतु प्रथम कक्ष में ईवीएम से मतगणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई है और कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 11 टेबल लगाई गई है। सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रथम मतगणना कक्ष में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई हैं। सिलवानी विधानसभा के कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना परिसर एवं कक्ष में मोबाईल ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

**मतगणना संबंधी सूचनाओं के लिए कंट्रोल रूम:** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले में मतगणना कार्य से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 07482-299310 है। कंट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा तीन पालियों में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

विधिक साक्षरता शिविर में दी कानून की जानकारी

# अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहे नागरिक: न्यायाधीश




**गंज बासौदा, देशबन्धु।** ग्राम सकरौली में विधिक सहायता समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन न्यायाधीश राहुल निरंकारी के मुख्य आतिथ्य में आथित्य में संपन्न हुआ जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले विधिक सेवा समिति सदस्य राजेश सक्सेना, यूनिसेफ के अमित शर्मा रुद्राक्ष वेलफेयर समिति के देवेंद्र साहू, अरविंद दांगी ,कुमारी ज्योति रघुवंशी ,आकाश अग्रवाल ग्राम पंचायत सचिव नवल सिंह रघुवंशी, आशा कार्यकर्ता सविता दांगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शारदा दांगी ,कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अब्दुल कादर, सरपंच गिंदाबाई अहिरवार, पूर्व जनपद सदस्य परसू ,पूर्व सरपंच विश्वकर्मा सहित कई ग्रामीणों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए न्यायाधीश राहुल निरंकारी ने कहा कि नागरिक संविधान के प्रति जवाबदेह होकर अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करके अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस अवसर पर उन्होंने सुरक्षा यातायात के नियमों की भी जानकारी दी। वहीं उन्होंने अनेक उदाहरण देकर लोगों को जागरुक भी किया। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि आज एनसीसी का स्थापना दिवस है। संविधान दिवस से ग्रामीण लोगों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होकर ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक विकास के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने विधिक सहायता द्वारा दिए जाने वाली विभिन्न प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विधिक सहायता के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं वहीं उन्होंने विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी। यूनिसेफ के अमित शर्मा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के अब्दुल कदीर ने भी अपने संबोधन में संविधान दिवस एवं शिक्षाकेअधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम को गिंदाबाई अहिरवार सरपंच शारदा दांगी , सविता दांगी और ज्योति रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

### संविधान निर्माता डॉ. की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान दिवस स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को डॉ.भीमराव अम्बेडकर के अनुयायियों द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मणि अहिरवार ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को आजाद भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक दिन था इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ था। इसी की याद में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अखिलेश बैसाखिया, छूट कल अहिरवार, महेश कुमार ,संजय कुमार राजा चावरिया, महेंद्र कुमार, सोनू अहिरवार, सौरभ अनुज, मनीष, राजू जवाहर सिंह मदन, डब्बू ,जयराम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सांची महोत्सव में आए विदेशी पर्यटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**रायसेन, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं बौद्ध अनुयायियों के तीर्थ स्थल सांची में दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव 25 नवम्बर को प्रात: 08 बजे भगवान बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र और महामोदग्लायन के अस्थि कलश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ।

अस्थि कलश पूजन के लिए श्रीलंका, जापान, वियतनाम सहित कई देशों से आए बौद्ध अनुयायी महाबोधि सोयायटी से स्तूप परिसर में स्थित बुद्ध मंदिर पहुंचे। स्तूप परिसर स्थित मंदिर में सुबह के समय श्रीलंका महाबोधी सोसायटी के अध्यक्ष वानगल उपतिस्स नायक थेरो तथा उनके शिष्यों द्वारा महात्मा बुद्ध के शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों की पूजा कर दर्शन के लिए रखा गया। इन पवित्र अस्थि कलशों को श्रीलंका महाबोधी सोसायटी के पदाधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में तलघर से मंदिर तक लाया गया। सांची में आयोजित हो रहे दो जगह सी है सांची महोत्सव में इस बार भी देश एवं विदेश के पर्यटक सांची महोत्सव में आए हुए हैं इसके अलावा कार्यक्रम में सांस्कृतिक स्थिति देने वाले कलाकार भी कई स्थानों से यहां आए हुए हैं जो मनमोहक प्रस्तुति देकर यहां आने वाले पर्यटन का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

# लापता प्रांजल को तलाशने में पुलिस प्रशासन की उदासीनता के विरोध में होगा चरणबद्ध

**देवरी, देशबन्धु।** लापता प्रांजल नाथ को तलाशने पुलिस प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रांजल नाथ पिता देवेंद्र नाथ निवासी शांति चौक देवरी जो की 18/ 10/ 2023 से लापता है। उनके दादाजी सेवानिवृत शिक्षक बाला प्रसाद नाथ के आग्रह पर नगर के प्रबुद्ध जन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। नाथ परिवार के सदस्यों ने लापता प्रांजल को लेकर उपस्थित जनों को सभी जानकारी बताई जिसमें परिवार ने स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और वरिष्ठ अधिकारियों की उदासीनता का आरोप लगाया। उपस्थित गणमान्य नागरिकों, नगर परिषद के अध्यक्ष, नगर परिषद के पार्षद, समितियों के पदाधिकारी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष, मानस जागृति मंडल के सदस्य एवं युवाओं ने बैठक में चरणबद्ध आंदोलन के साथ राज्यपाल के नाम से ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से देने का निर्णय लिया।

बैठक में कहा गया कि एक दिन देवरी का बाजार बंद रखना। क्रमिक भूख हड़ताल देवरी के संगठनों द्वारा रखी जाएगी। प्रांजल नाथ के माता-पिता द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा। आंदोलन के प्रारंभ में स्थानीय संगठन, विद्यालयों एवं नागरिकों द्वारा सामूहिक रैली निकाली जाएगी।

# 10 साल से चल रहा बेतवा रिपटा घाट कार्तिक स्नान का आयोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय बेतवा रिपटा घाट पर विगत एक माह से कार्तिक स्नान के साथ भगवान शिव का अभिषेक और दीपदान का आयोजन चल रहा था। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में चल रहे आयोजन का समापन सोमवार कार्तिक पूर्णिमा पर प्रात: 530 से 730 बजे शिव अभिषेक दीपदान के साथ हो जाएगा। नागरिक बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने बताया कि कार्तिक माह में रिपटा घाट पर यह आयोजन विगत 10 वर्षो से चल रहा है। जिसमें नियमित रूप से श्रद्धालु प्रात: काल नदी घाट पर पहुंचकर स्नान करते हैं इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक और आरती का आयोजन होता है। डा. अशोक रोहले ने बताया कि बेतवा रिपटा घाट पर सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालु प्रतिदिन कार्तिक स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन भगवान शिव का भी अभिषेक किया जा रहा है। 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा पर इसका समापन होगा। रिपटा घाट पर चल रहे कार्तिक स्नान और शिव अभिषेक में नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए।

# संविधान से मिलता है हमे हमारा हक: सिंह



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** आज का दिन स्वतंत्र भारत के लिऐ बड़ा ऐतिहासिक दिन है इसी दिन संबिधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया। हर भारतीय को आज 26 नमम्वर को संविधान दिवस पर गर्व है। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है जो अलग अलग जाति धर्म होने के बाबजूद भारत की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है।

यह बात शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने शाला में संविधान दिवस मनाते हुए कही। रघुवंशी ने कहा कि इस दिन का महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि रविवार का अवकाश होने के बाबजूद हम संविधान दिवस मना रहे है। यह दिन हमे आजाद देश के आजाद नागरिक होने की भावना का अहसास कराता है और संविधान के मौलिक अधिकार हमे हमारा हक और मौलिक कर्तव्य हमे हमारी जिम्मेदारी का अहसास कराते है। सभी ने संविधान दिवस पर शपथ ली। इस अवसर पर गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# स्कूल में वार्षिकोत्सव पर हुए कई कार्यक्रम



**सिरोंज, देशबन्धु।** संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के स्थापना के दसवें वर्ष में प्रवेश करने पर आकर्षक वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम भारत-दर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं ने अनेक सुंदर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में आए अतिथियों और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति से समारोह को गरिमा प्रदान की। आकर्षक ढंग से सजे विद्यालय परिसर में स्वागतोत्सुक विद्यालय ने अपनी परम्परा को निभाते हुए सर्वप्रथम आमंत्रितों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद गणेश-वंदना के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। प्राचार्या दीपाली अल्हाट ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी तथा छात्रों को यथोचित साधनों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। रंग बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मोहक प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, नाटक एवं सामाजिक परिवेश को छूते विषय सम्मिलित थे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति और देशप्रेम की भावना जब नृत्य व नाटकों के माध्यम से मंच पर प्रदर्शित हुई तो लोग देखते ही रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लकी-ड्रा के रूप में था जिसके माध्यम से अनेक भाग्यशाली अतिथियों ने आकर्षक उपहार प्राप्त किए। साथ ही किड्स -जोन, फूड जोन और सेल्फी पाइंट ने सभी के आनंद को दोगुना कर दिया।

# एसडीएम ने जन सहयोग से पीड़ित को मुहैया कराई सहायता



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र के आदिवासी अंचल के ग्राम बावड़ीखेड़ा निवासी राजेश बारेला का परिवार आग लगने से घर से बेघर हो गया। उसकी गृहस्थी का सारा सामान और मकान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। राजेश बारेला का कहना मैं काम पर गया था। मुझे नहीं पता किन कारणों से आग लगी। घटना की जानकारी लगते ही प्रशासन और जन प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को यथासंभव आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया और नसरूल्लागंज आकर एसडीएम एम.एस. रघुवंशी, भाजपा नेता आशीष शर्मा ने जन सहयोग से गैस चूल्हा, सिलेंडर, कपड़े, बर्तन, किराना सामान एवं जीवन यापन के लिए आवश्यक सामग्री खरीद कर पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई गई। एसडीएम एएस रघुवंशी के इस सराहनीय पहल पर सभी क्षेत्रवासियों ने उनकी प्रशंसा की है।

# सेमीफाइनल मैच में रोटरी क्लब चम्बल की जीत, टीम पहुंची टूर्नामेंट के फाइनल में

**मुरैना, देशबन्धु।** रोटरी इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल फाइनल मैच रोटरी क्लब चम्बल और रोटरी क्लब ग्वालियर इम्पीरियल के बीच शनिवार को ग्वालियर के प्रगति विद्या पीठ में खेला गया।

टॉस जीतकर रोटरी क्लब चम्बल ने फील्डिंग करने का फैसला लिया। रोटरी क्लब ग्वालियर इम्पीरियल ने पहले बल्लेवाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 110 रन बनाए। रोटरी क्लब चम्बल ने 111 रन का टारगेट मात्रा 6.1 ओवर में सिर्फ 1 विकेट के नुकसान पर हांसिल कर लिया। रोटरी क्लब चम्बल की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए संग्राम ने नाबाद 47 रन की आतिशी पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। संग्राम परमार की शानदार आतिशी पारी में 5 छक्के शामिल थे।

रोटरी क्लब चम्बल की ओर से निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए ओपनिंग बल्लेवाजी करते हुए राजकुमार यादव ने एक मजबूत शुरुआत दी और 33 रन बनाकर आउट हुए। रोहित बंसल ने 2 बॉल पर 2 छक्के मारकर लक्ष्य को हांसिल किया और नाबाद रहे। रोटरी क्लब चम्बल की ओर से बोलिंग करते हुए मयंक सेठी, राहुल जैन, विजय श्रीवास्तव ने 2-2 विकेट लिए और रोहित बंसल ने 1 विकेट लिया।

### ज्ञानतीर्थ में हो रही सिद्धों की आराधना, कल महायज्ञ एवं श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

**मुरैना, देशबन्धु।** श्री दिगम्बर जैन ज्ञानतीर्थ क्षेत्र में सिद्धचक्र विधान के तहत 8 दिन से निरंतर श्री सिद्ध परमेष्ठी की आराधना की जा रही है। प्रतिष्ठचार्य अशोक जैन शास्त्री लिधौरा एवं पंडित महेंद्र कुमार शास्त्री मुरैना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जैन श्रावक को अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार श्री सिद्धचक्र विधान अवश्य करना चाहिए। इस विधान को सर्वप्रथम सती मैना सुंदरी ने कराया था। विधान के पुण्य प्रभाव से मैना सुंदरी के पति श्रीपाल एवं अन्य लोगों का कुष्ठ रोग दूर हुआ था।

# एनसीसी ने मनाया स्थापना दिवस, निकाली साइकिल रैली

**मुरैना, देशबन्धु।** एकता और अनुशासन ध्येय वाक्य को लेकर चलने वाले 15 लाख कैडेटों के एनसीसी संगठन का 75वां एनसीसी स्थापना दिवस 8एमपी बटालियन एवं 3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी ग्वालियर के कैडेट्स ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 मुरैना में मनाया।

एनसीसी कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्राचार्य सियाराम गुर्जवार के निर्देशन में हुआ। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय एकता सायकिल रैली निकाली गई। रैली को पूर्व एनसीसी अधिकारी एवं व्याख्याता उमेश कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सायकिल रैली विद्यालय से एमएस रोड होते हुए बिस्मिल संग्रहालय से होती हुई वापिस उत्कृष्ट विद्यालय में शान्ति एवं एकता का संदेश देती हुई संपन्न हुई। रैली के माध्यम से एनसीसी कैडेटों ने देश के प्रति राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना का संदेश दिया। श्री तिवारी ने कैडेटों को जीवन में एनसीसी के महत्व एवं एनसीसी के उद्देश्यों को अपने जीवन में अपनाने के बारे में बताया। एनसीसी अधिकारी नेवी हरिओम शर्मा एवं संदीप सिंह तोमर दोनों के निर्देशन में कैडेट्स ने रैली के आयोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रोग्राम जैसे राष्ट्रभक्ति गीत अभय सिंह तोमर आस्था परमार नितिन गौड़ ने प्रस्तुत किये एवं एवं शिवा सिकरवार आदि ने एनसीसी पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। रैली में 170 कैडिट्स ने हिस्सा लिया।

### नागाजी महाराज का पूर्णिमा महोत्सव 26 दिसंबर को

**मुरैना, देशबन्धु।** पोरसा के जनक एवं तोमर घार के आराध्य परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री नागाजी महाराज की पूर्णिमा महोत्सव 26 दिसंबर को मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में महामंडलेश्वर महंत रामलखन दास जी महाराज के सानिध्य में पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागाजी पूर्णिमा महोत्सव 26 दिसंबर को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां मंदिर में शुरू हो चुकी हैं। पुताई एवं मंदिर की सजावट का कार्य का ठेका दिया जा चुका है, जिसकी व्यवस्था महामंडलेश्वर महंत रामलखन दास महाराज जी के सानिध्य में प्रभारी महंत शिव चरण दास, सुरेश शुक्ला, राम शंकर पाठक बाबा एवं श्री नागाजी भक्त मंडल देखेगा। महामंडलेश्वर महंत राम लखन दास ने बताया कि पोरसा की नीब श्री श्री 1008 श्री नागाजी महाराज ने संबद्ध 1350 में रखी थी। उन्होंने संवत 1450 में 11 बीघा जमीन का श्री नागाजी सरोवर का अपने भक्तों के सहयोग से निर्माण किया था। इस सरोवर में कई राजा महाराजा जो कोढ की बीमारी से ग्रसित थे, ने स्नान करके कोढ से मुक्ति पाई। राजा महाराजाओं ने रोग से मुक्ति पाकर नागाजी मंदिर से ताम्र पत्र लिखकर जमीन दान की थी, जो आज भी मौजूद है, हालांकि कुछ जगह लोगों ने मंदिर की जमीन पर कब्जा कर लिया है। नागाजी महाराज ने इस सरोवर से कई बार पवित्र पानी से मालपुआ सेके हैं। इस पूर्णिमा महोत्सव में फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, शमशाबाद, आगरा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रांतों के भक्त आवश्यक रूप से आते हैं। पूर्णिमा महोत्सव में गत वर्ष लाखों भक्तों ने दर्शन किए थे, इस बर्ष भी लाखों भक्तों के दर्शन करने की उम्मीद है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व आज, गुरुद्वारे में होंगे कीर्तन

**बैतूल, देशबन्धु।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव का 554वां प्रकाश पर्व 27 नवम्बर को श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया जाएगा। गुरु पूरब के अवसर पर गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा में विशाल ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया है। कैंप सुबह 10 से शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा में 26 नवम्बर की शाम से ही धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए। गुरु पूरब के अवसर पर गुरुद्वारा में कीर्तन करने के लिए अमृतसर से विशेष तौर पर कीर्तन जत्था भाई हरमीत सिंघ खालसा पहुंच रहे है, जो अपनी अमृतमयी बाणी से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। गुरुद्वारा कमेटी से मिली जानकारी अनुसार गुरुद्वारे में 27 नवंबर को सुबह 11 बजे से कीर्तन शुरू होंगे जो दोपहर 1 बजे तक चलेंगे। दोपहर 1 बजे से गुरु का लंगर शुरू होगा। आज 27 नवंबर की शाम को भी विशेष कीर्तन दीवान और गुरु का लंगर होगा। शाम का दीवान शाम 7 बजे से से रात 9 बजे तक चलेगा। गुरुद्वारा कमेटी ने बताया हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को गुरु नानक जयंती का पर्व मनाया जाता है। इतिहासकारों के अनुसार 15 अप्रैल 1469 की कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक का जन्म हुआ था। गुरु नानक देव जी को सिख धर्म का संस्थापक माना जाता है। इसी कारण हर साल उनके जन्मदिन को गुरु पूरब या प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारा में विभिन्न कार्यक्रम के साथ-साथ कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

### रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना पड़ा महंगा

**बैतूल, देशबन्धु।** चुनाव के दौरान सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू किया है। इसके तहत ऐसे युवक जिन्होंने वोट देते समय न सिर्फ ईवीएम बैलेट का फोटो खींचा बल्कि उसका रील, वीडियो इत्यादि बनाकर वायरल कर दिया, उन पर एफआइआर दर्ज की गई है। मप्र लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-128 के तहत केस पंजीबद्ध किया गया है। हाल ही में शाहपुर पुलिस ने एक ऐसा ही मामला दर्ज किया है और अन्य मामलों की तलाश की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाहपुर से मिली जानकारी के अनुसार देशावाड़ी निवासी हरिकेश ढाकरे के खिलाफ धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 66 आई टी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया धारा-128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एक साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। हरिकेश ठाकरे ने मतदान करते समय ईवीएम की बेलेट यूनिट का फोटो खींचा। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सामान्य निर्वाचन-2023 के पालन में यह आचार संहिता का भी सीधा उल्लंघन है। इसी आधार पर केस दर्ज किया गया है।

### उप तहसील कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर से आइल चोरी

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही थाना क्षेत्र में लगे बिजली ट्रांसफार्मरों से आइल चोरी की घटनाए लगातार ही रही है। आइल चोरो ने अब उपतहसील कार्यालय के पास स्थित ट्रांसफार्मर से आइल चोरी कर लिया। विद्युत वितरण कम्पनी कार्यालय बोरदेही के सहायक प्रबंधक संतोष पिता मंशाराम चंदेल ने थाना बोरदेही में रिपोर्ट लिखाई कि बीते 24 नवंबर से 25 नवंबर के दरम्यान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपतहसील कार्यालय के पास लगे बिजली कम्पनी के ट्रांसफार्मर से 120 लीटर,15 हजार रुपए का आइल चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आइल चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि के तहत केस दर्ज किया है।

### 26/11 के हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**मुलताई, देशबन्धु।** 15 साल पहले 26 नवंबर 2008 को मुंबई में ताज होटल में आंतकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को नागरिकों ने रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर के जागरूक नागरिक महेश शर्मा कामरेड, यादवराव निम्बालकर, रामदास देशमुख,प्रमोद पवार,मनोज साबरे, संजू देशमुख द्वारा नगर के बसस्टेंड के सामने स्थित शहीद स्तंभ पहुचकर मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्तिक पूर्णिमा पर आज हजारों श्रद्धालु ताप्ती सरोवर में लगाएंगे आस्था की डुबकी

# निरंतर बढ़ता जा रहा ताप्ती मेले का वैभव

• कुलदीप पहाड़े

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती के तट पर कार्तिक पूर्णिमा से प्रतिवर्ष लगने वाले मेले का वैभव निरंतर बढ़ते जा रहा है। ताप्ती मेला नगर की प्राचीन भी है। जिसकी अपनी धार्मिक और पौराणिक महत्ता है। कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होकर एक माह तक चलने वाला यह ताप्ती मेला गुजरती सदियों और बदलते नगर, मठ, मंदिरों के स्वरूप का गवाह भी रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संपूर्ण जिले सहित दूसरे प्रदेशों विशेष तौर से महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां ताप्ती के पवित्र सरोवर में स्नान करने के लिए ताप्ती तट पहुंचते हैं। इस वर्ष रविवार शाम से ही ताप्ती स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचाना शुरू हो चुका है। सैकड़ों श्रद्धालु देर रात में ही मुलताई पहुंच चुके थे। कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती स्नान के धार्मिक महत्व के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर साल ही यहां पहुंचते है।


ताप्ती सरोवर


वर्तमान मेला स्थल


गुरुद्वारा


मेले की तैयारियां


लगाई जा रही दुकानें

### आज से शुरू होगा ताप्ती मेला

ताप्ती मेले की संपूर्ण तैयारी पूर्ण हो गई है और सोमवार से इसका शुभारंभ भी हो जाएगा। ताप्ती मेला अत्यंत प्राचीन मेलों में से एक है इसका प्रारंभ कब हुआ यह कहना अत्यंत कठिन है, किंतु ताप्ती मेला समाप्ति के बाद ही जिले में अन्य मेलों का प्रारंभ होता है। तीन दशक पूर्व ताप्ती मेला ताप्ती सरोवर के समीप ही लगा करता था। फिल्मी टॉकीज, सर्कस, छोटे झूले, मनोरंजन का मुख्य आकर्षण हुआ करते थे किंतु आबादी क्षेत्र बढ़ता गया और मेला लगभग समाप्त होने को था कि तभी तत्कालीन एसडीएम प्रमोद गुप्ता एवं एसडीओपी पुलिस एनपी मिश्रा द्वारा मेले की आधारशिला टॉकीज के पिछले भाग में रखी गई। इसके बाद फिर आबादी ने मेले के वैभव को समाप्त कर दिया था, इसके उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष सुप्रिया संजय यादव के प्रयास से इस मेले को व्यापक रूप देने के लिए साप्ताहिक बाजार में ताप्ती मेले की बुनियाद को रखा गया। साप्ताहिक बाजार होने के कारण इसे फिर स्थल परिवर्तन कर सुप्रिया यादव एवं तत्कालीन एसडीएम भरत यादव के प्रयास से इस मेले को वर्तमान राम मंदिर की भूमि पर लगाया गया है। हालांकि इस ताप्ती मेले का वैभव निरंतर बढ़ता जा रहा है।

मेले में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, सीसीटीवी कैमरे से रखेंगे नजर

मुख्य रूप से मुलताई तहसीलदार और नगर पालिका की देखरेख में ताप्ती मेले का आयोजन होता हैं, जहां नगर पालिका द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, इस बार भी आयोजन होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका द्वारा मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करवाई जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं पुलिस विभाग द्वारा भी नगर पालिका को पत्र लिखकर नगर में लगे विभिन्न कैमरों को जल्द शुरू करने के लिए कहा गया है। नगर पालिका द्वारा ताप्ती सरोवर पर स्नान करने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जंजीरें और रस्सियां लगाई गई है, ताकि जिन्हें तैरना ना आता हो वे भी सरोवर में आस्था की डुबकी लगा सके और कोई समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही आपातकालीन स्थिति से बचने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी एवं गोताखोरों को सरोवर पर तैनात किया गया है। महिलाओं के लिए स्नान के पश्चात कपड़े बदलने हेतु पर्दे लगाकर चेंजिंग रूम बनाए गए हैं, ताकि महिलाओं को कोई असुविधा न हो। वही सुरक्षा की दृष्टि से बोरदेही एवं आमला पुलिस थाने से भी पुलिस बल मुलताई बुलवाया गया है। जहां पर कड़ी निगरानी के बीच श्रद्धालु ताप्ती सरोवर में आस्था की डुबकी लगाएंगे।



ताप्ती मेले के लिए तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है, मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा और मेले को आकर्षक बनाने के लिए नागरिकों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं।

**राजकुमार इवनाती, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई**



कार्तिक पूर्णिमा और ताप्ती मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे इस हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। बोरदेही की ओर जाने वाली बसों के लिए स्टेशन रोड की ओर से आवागमन की व्यवस्थाएं बनाई जा रही है।

**प्रज्ञा शर्मा, थाना प्रभारी मुलताई**

### नगरवासी भी बताते है मेले की एतिहासिकता



व्यवसायी **आजाद सिंह खुराना** बताते है वर्ष 1414 में जब गुरुनानक देव जी अपनी दूसरी उदासी के दौरान ताप्ती तट पर आए थे तभी से कार्तिक पूर्णिमा पर यहां मेले का आयोजन हो रहा है, जिसका उल्लेख सरकारी गजट में मिलता है। गुरुनानक जी के मुलताई आगमन के समय वे जहा रुके वहा आज भव्य गुरुद्वारा बना हुआ है।



मेला ग्राउंड के पास स्टेशन चौक पर होटल संचालक **नान्हू सूर्यवंशी** बताते है की आम दिनों की तुलना में मेले के समय ग्राहकी पांच गुना तक बढ़ जाती है, बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले लोग यहां रुकते है और चाय नाश्ता सहित खाने पर खर्च करते है।



75 वर्षीय **कन्हैया लाल बोबडे** बताते है की वे जन्म से ही नगर में रह रहे है, पहले लोग बैलगाड़ी से आया करते थे, उस समय नगर पंचायत द्वारा चार आने का टैक्स उनसे लिया जाता था, मेले के इस दौर में टूरिंग टॉकिज भी आया करती थी जो मनोरंजन का मुख्य साधन था, जो अब देखने को नहीं मिलती।

### विज्ञान की दृष्टि से



ताप्ती जल पर पीएचडी कर चुके शासकीय महाविद्यालय मुलताई के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कमलेश सरिया बताते है कि लोग ऐसा मानते है कि ताप्ती जल में स्नान से त्वचा रोग ठीक होते है, जिसका कारण ताप्ती जल का एसिडिक होना हो सकता है, लेकिन इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं मिल पाए है। ताप्ती जल में हड्डी और बालों का गलना यह सामान्य प्रक्रिया है।

## साड़ियां भेंटकर किया स्वछता प्रहरियों का सम्मान, मनाई सहस्त्रबाहु जयंती



**बैतूल, देशबन्धु।** भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर महिला कलार समाज द्वारा रविवार को जिला चिकित्सालय को साफ रखने वाले स्वछता प्रहरियों का पैर पखारकर, माला पहनाकर, आरती उतारकर, पुष्प वर्षा कर और साड़ियां भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ.अशोक बारंगा, जिला कलचुरी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष के.के मालवीय, महिला जिला अध्यक्ष बिंदु मालवीय, डॉ.स्वाति मिश्रा, इंजीनियर रूपेश मालवीय, मैनेजरपारुल मालवीय, नेमीचंद मालवीय उपस्थित थे। इस अवसर पर निमिष मालवीय, दीप मालवीय, प्रवीण परिहार, दीपाली पांडे, प्रकाश करोसिया, राकेश आर्य ने कहा कि स्वच्छता दूत हमारे अस्पताल का कचरा उठाकर उसे साफ रखकर हमें स्वस्थ रखते हैं। उनके काम की वजह से ही हमारा अस्पताल स्वच्छ रहता है इसलिए वह सम्मान के लायक हैं। हमें इन स्वच्छता दूतों का सम्मान कर उनका मनोबल ऊंचा रखना चाहिए। इसी भावना का सम्मान करते हुए सभी स्वछता दूतों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.अशोक बारंगा ने कहा कि आज जिला चिकित्सालय में आने पर स्वछता दिखाई देती है तो इसका श्रेय स्वछता दूतों को जाता है। जिला चिकित्सालय में कई बीमारियों से पीड़ित लोग आते है, दिन भर हजारों लोग आते है, लेकिन इसके बावजूद ये स्वछता प्रहरी दिन रात सफाई कार्य में लगे रहकर चिकित्सालय को साफ रखकर हमे भी स्वस्थ रहते है। इस अवसर पर केके मालवीय ने कहा कि प्रेरणा व प्रोत्साहन वह शब्द है जिसने मंद बुद्धि बालक को भी विश्व का जीनियस व्यक्ति थॉमस एडिशन बना दिया था। प्रोत्साहन समय समय पर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर इंजीनियर रूपेश मालवीय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं पुणे से बैतूल इस स्वच्छता प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित हुआ। आज इनके पैर पखारकर मुझे लगा कि ये सम्मान के वास्तविक हकदार है। इस अवसर पर युवा कलार समाज के नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र बिहारिया व निमिष मालवीय ने कहा कि स्वच्छता प्रहरियों के पैर पखारकर मन को अच्छा लगा।

## महिला उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होगी नगर की 3 प्रतिभाशाली बेटियां



नोएडा के लिए हुई रवाना

**बैतूल, देशबन्धु।** नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले महिला उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैतूल शहर की तीन प्रतिभाशाली बेटियों का चयन हुआ है। प्रेम यूथ फाउंडेशन मध्य प्रदेश के बैनर तले महिला उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक भारत सरकार श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय वी.वी. गिरी नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बैतूल से नैनी पाटिल, शालिनी सरनेकर और अमीषा तायवाड़े 26 नवंबर को रवाना हुई।

गौरतलब है कि भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने , जागरूक करने एवं प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं जैसे कि व्यवसाय योजना तैयार करना, वित्त प्रबंधन, बाजार अनुसंधान आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त कर सकेंगी।

नैनी पाटिल, शालिनी सरनेकर और अमीषा तायवाडे ने बताया कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वे इस कार्यक्रम से बहुत कुछ नया सीखने की उम्मीद कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे इस कार्यक्रम में प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग करके और महिलाओं को व्यवसाय के लिए प्रेरित करेंगे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय में मनाया संविधान दिवस



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार एवं हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में 26 नवम्बर 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं संगोष्ठी का आयोजन एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ में किया गया। बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ द्वारा उक्त संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन के साथ-साथ उक्त संविधान दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवंबर की अपनी खास अहमियत है। यही वह दिन है, जब भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। 1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया और संविधान तैयार करने में 02 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे। यह 26 नवंबर1949 को पूरा हुआ और अपनाया गया। हालांकि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को पूर्णत: लागू हुआ था। जिसे हम लोग हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। 26 नवंबर को संविधान दिवस के साथ-साथ राष्ट्रीय कानून दिवस भी मनाया जाता है। उक्त संविधान की प्रस्तावना के वाचन में एलएडीसीएस के पदाधिकारी संदीप खरे, अजीज कुरैशी, राजू रैकवार, अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कर्मचारी कैलाश नारायण मिश्रा, दीपेश कुमार जैन, श्रीमती परवीन बानो, श्रीमती शालिनी जैन, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सदस्य महेश वंशकार, देवेन्द्र अहिरवार, प्रियंका अहिवार एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया संविधान दिवस



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के अंबेडकर चौक पर रविवार को आनंद बौद्ध विहार समिति द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों द्वारा डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। उपस्थित लोगो ने सामूहिक त्रिशरण,पंचशील ग्रहण की।इसके पहले समिति अध्यक्ष श्रीराम लोखंडे और संरक्षक माधोराव गुजरे द्वारा मोमबत्ती जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई वहीं उपस्थित अनुयायियों द्वारा बाबा साहब और संविधान को नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। 26 नवंबर 1949 का दिन आजाद भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था।कार्यक्रम मे आनंद बौद्ध विहार समिति के अध्यक्ष श्री राम लोखंडे, सचिव सहदेव पाटिल, माधवराव गुजरे, शांतिलाल नागले, श्रावण गुजरे, मनीराम गुजरे आदि उपस्थित रहे।



### घाट पिपरिया और खापा खतेड़ा में हुआ कार्यक्रम

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम घाटपीपरिया में बड़े ही धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया । मेहरा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र उपराले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की बाबा साहेब ने दिन रात मेहनत करके भारत के संविधान की रचना 2वर्ष 11माह 18 दिन मे की जिससे देश का कानून संचालित होता है , भारत के सभी नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए जो हमे संविधान को पड़कर मिल सकती है जिससे कमजोर वर्गो का शोषण न हो सके तथा सभी समान जीवन यापन कर सके । ग्राम के नरेश बिहारे ने कहा की बाबा साहेब के प्रयासों से हमे आज समाज में जगह मिली है। इस अवसर पर मेहरा समाज ग्राम अध्यक्ष विनोद उपराले ,ग्राम के सरपंच शंभूदयाल बिहारे, जिला उपाध्यक्ष रामलाल उपराले, नरेश चौरासे ,अजय उपराले, सुखराम पारधे , विद्यासागर बछले, प्रभात चौरासे, सोमकुमार चौरासे एवम बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### पांडुखेड़ी की मनीषा धुर्वे को मिला राष्ट्रीय जनजाति गौरव सम्मान



**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पांडुखेड़ी की समाज सेवी महिला उद्यमी मनीषा धुर्वे को राष्ट्रीय जनजाति गौरव पखवाड़ा उत्सव में राष्ट्रीय जनजाति गौरव सम्मान प्रदान किया गया। भारत सरकार के नई दिल्ली में स्थित नेशनल ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट में केंद्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने मनीषा धुर्वे को सम्मानित करते हुये उन्हें महिला उद्यमी होने एवं उनके कार्यों को प्रोत्साहन दिया, साथ ही आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने को कहा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की बोली, भाषा, संस्कृति, वेशभूषा, परंपरा को स्वयं आदिवासी ही सुरक्षात्मक तरीके संरक्षण संवर्धन कर सकते हैं, विलुप्त होने से मातृभाषा को बचाना अतिआवश्यक है। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित डॉ. जानुम सिंह सोय एवं पद्मश्री श्रीमती उषा बारले, राष्ट्रीय जनजाति अनुसंधान संस्थान विशेष निर्देशक प्रोफेसर नूपुर तिवारी, जनजाति मामलों, भारत सरकार के सारे अधिकारी एवं भारत के अनेकों राज्यों से आए आदिवासी उपस्थित थे।

### एनसीसी दिवस पर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता तथा एनसीसी प्रभारी मेजर धीरेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में 75 राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत, नाटक तथा भाषण द्वारा राष्ट्रीय एकता तथा देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य अनुशासन, नेतृत्व और अटूट देशभक्ति जैसे मूल सिद्धांतों के साथ युवाओं को प्रशिक्षित करने का है। हमारे महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स बहुत ही आगे प्रगति कर रहे हैं कई कैडेट्स राष्ट्रीय शिविरों में तथा गणतंत्र दिवस परेड में भाग ले चुके हैं। राष्ट्रव्यापी गतिविधि से लेकर एक भारत श्रेष्ठ भारत कैम्प, स्वच्छ भारत अभियान, हर घर तिरंगा चुनाव तक में एनसीसी कैडटों ने हर जगह अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर एनसीसी बालिका इकाई प्रभारी श्रीमती श्रुति तथा बड़ी संख्या में एनसीसी बालक तथा बालिकाएं उपस्थित रहे।

# उप्र के ड्रायवर की हत्या मामला : ऑटो चालक मुंगी को आजीवन कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश हर्ष भदौरिया की अदालत ने पीपल मोहल्ला इटारसी निवासी दिलीप उर्फ मुंगी पिता बलराम धावे उम्र 35 वर्ष ऑटो चालक को जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश निवासी महेंद्र पिता हरहंगी प्रजापति उम्र 45 वर्ष ड्राइवर की हत्या करने का दोषी पाते हुए धारा 302 भारतीय दंड विधान के अपराध में आजीवन कारावास की सजा एवं 1000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किए जाने का आदेश पारित किया है। अर्थ दंड अदा नहीं करने परआरोपी दिलीप उर्फ मुंगी को एक वर्ष का कठोर कारावास और भुगतना होगा।

आरोपी मुंगी गिरफ्तारी दिनांक 15 मार्च 2023 से निर्णय 25 नवंबर 2023 तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है, अत: उसके न्यायिक निरोध की अवधि उसकी सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी। इस गंभीर हत्याकांड के मामले का संपूर्ण संचालन करने वाले शासन के अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि आरोपी दिलीप उर्फ मुंगी पर यह आरोप था कि उसने 15 मार्च 2023 को रात्रि 12:38 से 2:35 के बीच शिव सिंह राजपूत की चाय की दुकान जो कि बस स्टैंड के पास पुरानी नगर पालिका के बाजू में स्थित है, उसमें मृतक महेंद्र हरहंगी के साथ शराब पीकर मारपीट की थी और उसे डंडे से सर में चोट पहुंचाई थी जिससे महेंद्र की मृत्यु हो गई थी।

इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना इटारसी में सरकारी अस्पताल से में मर्ग मेमो प्रस्तुत करने पर दर्ज की गई थी और आरोपी के विरोध में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। अभियोजन की ओर से इस प्रकरण में 13 गबाहो के कथन न्यायालय में अंकित कराए थे जिनमें से घटना के प्रत्यक्षदर्शी साक्षी सुदर्शन भाट एवं भूरा मेहरा ने घटना के संबंध में संपूर्ण जानकारी न्यायालय में देते हुए बताया था कि आरोपी मुंगी द्वारा मृतक महेंद्र के साथ शराब के नशे में बस स्टैंड के बाजू में मारपीट की गई थी और उसे वह घसीट कर चाय की दुकान से लाकर बाहर नाली में फेंक रहा था तभी लोगों ने उसे वहां देखा था और एंबुलेंस को सूचना देकर पुलिस बुलाई थी।

पुलिस के आने पर आरोपी वही टपरिया में जाकर सो गया था जिसे बाद में इस स्थान से पुलिस ने सुबह गिरफ्तार किया था और उससे पूछताछ कर घटना के संबंध में उसका मेमोरेंडम कथन अंकित करते हुए उससे मारपीट करने में प्रयुक्त किए बांस के डंडे को एवं घटना के समय पहने हुए कपड़े जिनमें खून लगा था को जब्त किया था। न्यायाधीश श्री भदौरिया ने अपने निर्णय में विश्लेषण करते हुए यह लिखा है कि अंतिम बार के ठीक पूर्व सामान्य अवस्था में मृतक महेंद्र हरहांगी को आरोपी मुंगी के साथ भूरा मेहरा एवं सुदर्शन भाट ने शराब पीते हुए देखा था तथा आरोपी द्वारा मृतक को घायल अवस्था में घसीटते हुए भी देखा था, इसी तरह आरोपी द्वारा अपने मेमोरेंडम कथन में दी गई जानकारी के अनुसार उसने डंडा एवं मृतक का आधार कार्ड तथा ड्राइविंग लाइसेंस चाय की दुकान में पीछे छुपा कर रखने वाली बात भी बताई थी और वे वस्तुएं मौके से निकलकर पुलिस को बरामद कराई थी।

निर्णय में न्यायालय ने यह भी लिखा है कि जब्त डंडे से मृतक के शरीर पर आई हुई चोटों की संख्या 20 थी, इस संबंध में पीएम करने वाले डॉ. विवेक चरण दुबे ने बताया कि उक्त डंडे से मृतक के सिर पर चोट आने से उसकी कार्डियोरेस पायरेट्री फैलियर हो जाने के कारण से मृत्यु हो गई थी जो कि मानव वध प्रकृति की मृत्यु थी। न्यायालय ने प्रत्यक्षदर्शी साक्षी एवं डॉ विवेक चरण दुबे तथा विवेचना अधिकारी महेंद्र मालवीय उप निरीक्षक रजक एवं थाना प्रभारी आरएस चौहान के द्वारा की गई विवेचना की कार्रवाई को मद्देनजर रखते हुए आरोपी के विरोध में उक्त समस्त परिस्थितियों में प्रकरण हत्या का सिद्ध मानते हुए आरोपी मुंगी उर्फ दिलीप ढाबे को महेंद्र हरहंगी की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया पाया है।

इस हत्याकांड का विचारण प्रथम अपर सत्र न्यायालय इटारसी में 4 जुलाई 2023 से प्रारंभ किया था तथा आरोपी के विरोध 25 नवंबर 2023 को निर्णय पारित करते हुए उसे दंड आदेश सुनाया जा चुका था। निर्णय के समय आरोपी वीसी के माध्यम से जिला जेल नर्मदा पुरम से उपस्थित हुआ था जिसने दंड के प्रश्न पर कोई भी बात अपनी तरफ से न्यायालय में प्रस्तुत नहीं की और कहा था कि मुझे कुछ भी नहीं कहना है। आरोपी का जेल वारंट बनाकर जिला जेल नर्मदा पुरम उसे सजा भुगत ने हेतु तत्काल भेज दिया गया है। इस प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से अपरलोक अभियोजक राजीव शुक्ला एवं सहयोगी एजीपीएसएन चौधरी तथा भूरेसिंह भदौरिया ने भी की थी।

# पटाखा साइलेंसर वाली 2 बुलेट मोटर सायकिल जब्त

- पुलिस स्टेशन लाकर साइलेंसर निकाले
- दोनों बाइक मालिकों पर लगाया जुर्माना
- टीआई ने कहा, आगे भी होगी कार्रवाई



**इटारसी, देशबन्धु।** सावधान! अगर आप भी बुलेट बाइक पर स्टंट बाजी और हुड़दंग करते हुए पाए जाते हैं तो आपका इटारसी पुलिस चालान काट देगी। यह चालान आपको बहुत भारी भी पड़ सकता है। पुलिस ने बीती रात ऐसी दो बुलेट मोटर सायकिलें उठायी हैं, और थाने ले जाकर उनके साइलेंसर हटाए हैं। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि एलकेजी कालोनी से लायी गयी इन मोटर सायकिलों पर चालानी कार्रवाई भी की गई है। अब पुलिस की नजर ऐसी बुलेट बाइक पर पड़ चुकी हैं, इसलिए यदि आपकी बाइक में भी पटाखा वाले साइलेंसर लगे हैं तो इन्हें निकलवा लें, अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं।

बता दें कि इन दिनों नगर में बुलेट बाइक पर पटाखे छोड़ते और हुड़दंग बाजी करते हुए कई युवा दिखाई दे रहे हैं। ये पटाखा साइलेंसर बेहद कर्कश और लोगों को काफी परेशान करते हैं, बावजूद इसके इन युवाओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अब पुलिस ने इनको निशाने पर लिया है। बता दें कि फरीदाबाद पुलिस ने तो ऐसे ही एक बाइकर्स पर छोटा नहीं बल्कि 50 हजार का चालान काटकर कोर्ट भेज दिया था। हालांकि उस युवक पर न तो लायसेंस था और ना ही गाड़ी के कोई कागज। सिटी पुलिस भी इन दिनों पटाखा साइलेंसर वाली बाइक की धरपकड़ में जुटी है।

बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश से करीब पचास दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिनमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर चालान बनाये जा रहे हैं और लोगों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने सहित ट्रैफिक नियमों का पालन करने की भी हिदायत दी जा रही है। पटाखा साइलेंसर लगाना ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। इसी तरह से बाइक के पीछे लिखे नंबर भी आड़े तिरछे या स्टायलिश नहीं होना चाहिए, यह भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन माना जाता है, ऐसे बाइक सवारों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। कोर्ट इस बार काफी सख्त है और पुलिस को भी सख्ती से कार्रवाई करना है, ऐसे में किसी भी सिफारिश से बचना मुश्किल होगा, ऐसे में नियमों का पालन करना ही बचाव का एकमात्र रास्ता है।

## पचमढ़ी पर्यटन स्थल पर दक्षिण भारतीय व्यंजनों का पर्यटकों ने उठाया आनंद



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध होने के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं नर्मदापुरम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन द्वारा पचमढ़ी में आने वाले अतिथियों के स्वागत व मनोरंजन के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों लिए भी प्रसिद्ध है। इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी द्वारा होटल अमलतास में साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण भारत में बनाए जाने वाले व्यंजनों को तैयार किया गया व पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य में अतिथियों को परोसे गए। साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल में पूरा निगम परिवार साउथ इंडियन परिवेश में नजर आया व अतिथियों को भोजन भी केले के पत्तों में सर्व किया गया जो कि उक्त कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। आयोजन में शामिल अतिथियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया गया कि यह एक अद्भुत एवं बेहद सराहनीय आयोजन था, मध्य प्रदेश में रहते हुए हमें केरल व अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों का अनुभव प्राप्त हुआ, हमारी यात्रा यादगार बनाने हेतु हम पर्यटन निगम परिवार पचमढ़ी को बधाइयां व शुभकामनाएं देते हैं। उक्त आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन मुख्यालय भोपाल से आए महाप्रबंधक एसपी सिंह के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ। एसपी सिंह द्वारा बताया गया कि पचमढ़ी मैं देश व विदेश के अतिथियों के आवागमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी अपनी विभिन्न इकाइयों में निरंतर इस प्रकार के आयोजन करता आ रहा है, जिसके सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहे हैं व निरंतर पचमढ़ी में पर्यटकों के आगमन में वृद्धि हुई है वह भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे, जिससे पचमढ़ी को देश व विदेश में एक अलग पहचान प्राप्त हो सके। उक्त आयोजन में क्षेत्रीय प्रबंधक अमानुल्लाह खान, प्रबंधक एचएस दंडोतिया, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, नितिन कटारे, अनिल राय व आशीष गुप्ता ने अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जीआरपी ने ढूंढ़ निकाला याददाश्त भूले व्यक्ति का पता, परिजनों को सौंपा



**इटारसी, देशबन्धु।** शनिवार 25 नवंबर का जीआरपी थाना आए व्यक्ति ने बताया कि वह पंजाबमेल एक्सप्रेस से इटारसी आया है, लेकिन अपने घर और परिजनों का पता, नाम याद नहीं आ रहा है। जीआरपी ने सबसे पहले उक्त व्यक्ति को भोजन कराया और परिजनों की तलाश की प्रक्रिया प्रारंभ की। व्यक्ति थाना नवघार (भायंदर) मुंबई का रहने वाला है। जीआरपी ने परिजनों को बुलाया और उनके भाई को सौंप दिया है।

### आफिस से निकले और इटारसी पहुंचे

यह व्यक्ति 23 नवंबर 23 को अपने आफिस से काम कर निकले किन्तु घर नहीं पहुंचे। उनकी गुमशुदगी पुलिस थाना नवघर, भायंदर, मुंबई में दर्ज है। आज 26 नवंबर 23 को मनोज शर्मा के छोटे भाई अनिल शर्मा पिता रामभगत शर्मा उम्र 51 साल थाना आए एवं अपने भाई मनोज शर्मा से मिलने पर उनकी पहचान की। अनिल शर्मा ने अपने भाई का आधार कार्ड एवं गुमशुदगी प्रस्तुत करने पर बड़े भाई मनोज शर्मा को उन्हें सुपुर्द किया गया। उक्त कार्य में जीआरपी थाना इटारसी के निरीक्षक आरएस चौहान, आरक्षक मनोज त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक गोकुल प्रसाद एवं एएसआई चंद्रमा यादव का कार्य सराहनीय रहा।

### ऐसे लगाया परिवार का पता

जीआरपी ने सबसे पहले उक्त व्यक्ति से बातचीत कर और जानकारी प्राप्त कर स्थानीय आधार सेवा केंद्र में ले जाकर बायोमेट्रिक पहचान पता करने का प्रयास किया, किंतु कोई सफलता नहीं मिल सकी। प्रारंभिक बातचीत करने पर व्यक्ति लिखने एवं पढ़ने में समर्थ पाया गया, किन्तु घर, रिश्तेदार आदि के संबंध में कोई जानकारी ना होने पर उक्त व्यक्ति के परिजनों की तलाश हेतु फोटो लेकर सभी मीडिया, पुलिस एवं राष्ट्रीय स्तर के पुलिस टेलीग्राम ग्रुपों में डाल कर सर्कुलेट की गयी। रात्रि करीबन 10 बजे ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति का नाम एवं पता मनोज शर्मा पिता स्व. राम भगत शर्मा उम्र 55 साल निवासी सी विंग 310 सरस्वती अपार्टमेंट, भायंदर, मुंबई महाराष्ट्र है।

## सीएम राइज विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भोपाल और भोजपुर का भ्रमण किया



**बनखेडी, देशबन्धु।** सीएम राइज शासकीय टैगोर उत्कृष्ट विद्यालय बनखेड़ी के छात्र-छात्राओं को सीएम राइज स्कूल की तरफ से एक दिवसीय भोपाल शहर का भ्रमण कराया। स्कूल प्राचार्य जगदीश मेहर ने बताया कि शानिवार को कक्षा 9वी और 11वीं के लगभग 100 छात्रों को बस द्वारा भोपाल शहर का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य मेहर ने बताया कि भोपाल के विज्ञान केंद्र, ट्राइबल म्यूजियम, शौर्य स्मारक, डीबी सिटी एवं भोजपुर का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण से छात्र-छात्राओं में बेहद खुशी मिली इसी के साथ उक्त स्थलों से संबंधित जानकारी भी बताई गई। उक्त भ्रमण में स्कूल स्टाफ शामिल रहा।

## श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह आदर्श सामाजिक व्यवस्था का उदाहरण



**इटारसी, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन साईं की बगिया न्यास कॉलोनी में संपन्न हो गया है।

कथावाचक पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिसा ने कथा के दौरान कहा कि जैसे-जैसे समाज का परिवेश समय के साथ बदला समाज की विवाह सामाजिक व्यवस्था भी बदल गई। परंतु द्वापर काल से श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह आदर्श सामाजिक व्यवस्था का एक अनुपम उदाहरण बना हुआ है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन की कथा को विस्तार देते हुए विदिशा के पंडित अंकित कृष्णा तेनगुरिया ने अपने मुखारविंद से श्री कृष्णा रुक्मणी जी के विवाह प्रसंग की कथा को उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं को श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि आज के युग में परिवेश बदला है, लेकिन द्वापर के समय भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी जी का विवाह तब से लेकर अब तक आदर्श सामाजिक व्यवस्था का सबसे अनुपम उदाहरण है। आज कथा स्थल पर श्रीमद् भागवत की समापन दिवस पर श्री कृष्ण सुदामा मित्रता प्रसंग का बखान कथा वाचक ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष उपस्थित थे।

### अनुगूंज कार्यक्रम की तैयारी स्कूलों में प्रारंभ

# शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं 16 दिसंबर को देंगे प्रस्तुति



**इटारसी, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम 16 दिसंबर 2023 को शासकीय एसएनजी स्टेडियम नर्मदापुरम में होगा। इस कार्यक्रम में शासकीय स्कूलों के कक्षा 9 वी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राएं ही हिस्सा ले सकेंगे। पिछले वर्ष भी यह कार्यक्रम नर्मदापुरम में आयोजित किया गया था, जो कि प्रदेश में नंबर वन रहा था।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। अनुगूंज कार्यक्रम के संयोजक विनोद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर 14 प्रकार की समितियों का गठन किया है। कोरियोग्राफर विशाल सिंह एवं कमल झा शासकीय हाई स्कूल रसूलिया, शासकीय एसपीएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या शाला नर्मदापुरम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम पहुंचकर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन कर रहे हैं। कार्यक्रम में सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, पारंपरिक ऐतिहासिक नाट्य रूपांतरण का आयोजन किया जाएगा। शासकीय विद्यालयों में छिपी प्रतिभाओं को सही मंच पर लाना एवं चौमुखी विकास करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। अनुगूंज कार्यक्रम छात्र-छात्राओं पर ही आधारित रहेगा। संचालन भी छात्र-छात्राएं ही करेंगे। इसके लिए कोरियोग्राफर विशेष प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## लायंस क्लब इटारसी फ्रेन्ड्स ने दो स्कूलों और आंगनवाड़ी बच्चों को दी टी-शर्ट

**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस क्लब इटारसी फ्रेन्ड्स ने शासकीय प्राथमिक शाला नई गरीबी लाईन, माध्यमिक शाला सोनासांवरी तथा दोनों ही जगह स्थित आंगनवाड़ी के लगभग 180 बच्चों को टी शर्ट का वितरण किया। रीज़न चेयरपर्सन लायन शोभा भट्ट का बैतूल से नगर आगमन लायंस क्लब इटारसी फ्रेन्ड्स की अधिकारिक यात्रा के अवसर पर हुआ। उनकी उपस्थिति में क्लब ने ये आयोजन किया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन राजेंद्र सोनी, सचिव लायन कामेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि क्लब द्वारा शीघ्र ही इन्हीं बच्चों को स्वेटर भी प्रदान किए जायेंगे। कोषाध्यक्ष अर्जुन नवलानी बताया कि क्लब द्वारा किए जाने वाले सभी सेवा कार्य सदस्यों के सहयोग से किए जाते हैं। आज की गतिविधी में लायन अर्जुन मेघानी का विशेष सहयोग रहा।

इस सेवा गतिविधी के संयोजक हरीश मालवीय तथा शरद गुप्ता रहे। संचालन लायन राजेश अग्रवाल एवं लायन दीपक चौरसिया ने किया। इस अवसर पर क्लब सदस्य पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल झा, प्रकाश खंडेलवाल, अशोक गुरबानी, कीर्ति झा, सुनीता अग्रवाल, सुरेश नवलानी, संतोष साहू, अमित पांडे, भारती गुरबानी, सोनम अग्रवाल, प्रभा मालवीय की विशेष उपस्थिति रही।



## कांग्रेस ने उम्मीदवारों और अभिकर्ताओं को बताईं मतगणना की बारीकियां, कमलनाथ ने कहा-

# बिना किसी भय और दबाव के साथ काम करें



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को होगी। मतगणना की बारीकियां से उम्मीदवार और अभिकर्ताओं को अनुभवी नेताओं ने अवगत कराया। प्रशिक्षण देने वाले नेताओं ने हर राउंड पर पूरी सक्रियता, शासकीय कर्मचारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान पोस्टल वोट के माध्यम के किए गए मतदान की गणना और मतगणना के दौरान आने वाली परेशानियों का सक्रियता, विधिक समस्याओं सहित अन्य मुद्दों पर 230 प्रत्याशियों एवं उनके मतगणना अभिकर्ताओं के साथ चर्चा की।

बैठक दो सत्र में हुई। प्रथम सत्र में रीवा, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर-चंबल संभाग और दूसरे सत्र में इंदौर उज्जैन, नर्मदापुरम, भोपाल और सागर संभाग के प्रत्याशियों की बैठक संपन्न हुई। प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बैठक में उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं से लाइव चर्चा करते हुए कहा कि मतगणना के समय बिना किसी भय और दबाव के साथ करें। कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश की नई तस्वीर बनेगी। युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा, महिलाओं को सम्मान मिलेगा, किसानों का उत्थान होगा और नई पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल होगा।

उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन पूरी निर्भीकता के साथ काम करें, कोई भी समस्या आने पर कांग्रेस प्रत्याशी और चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों को सूचित करें, ताकि कानूनी तरीके से उसका निराकरण हो सके। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने मतगणना के दिन की गतिविधियों और चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना कराए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान के दिन जो ईवीएम मशीन सील करके स्टॉंग रूम में रखी गई, उसका पूरी तरह निरीक्षण करें, किसी प्रकार की कोई त्रुटि पाये जाने पर निर्वाचन अधिकारी से तुरंत सपर्क कर किसी भी प्रकार की अमानवीय घटना होने की जानकारी निर्वाचन अधिकारी को दें। मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर ले जाई जाने वाली सामग्री अवश्य ले जाये, मतगणना शुरू होते ही मतगणना के हर राउंड और एक-एक मतों पर अपनी पैनी नजर रखें। शासकीय कर्मचारियों द्वारा किए गए पोस्टल वोट की गणना पूरी सतर्कता से कराएं, किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश इस दौरान वहां नहीं होने दिया जाए।

धनोपिया ने कहा कि मोबाइल एवं अन्य इंटरनेट से संबंधित उपकरण मतगणना स्थल पर ले जाना पूरी तरह से वर्जित है, यदि कोई व्यक्ति इसका पालन नहीं करता या अन्य पार्टी के लोगों द्वारा किसी प्रकार की अमानवीय, असामाजिक घटना को अंजाम दिया जाता है तो पूरी सतर्कता के साथ उसका विरोध करें, शीघ्र ही अपने प्रत्याशी और निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराएं। इमरोज खान ने ईवीएम मशीन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। मप्र कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अभिभाषक शशांक शेखर ने प्रशिक्षण देते हुए मतगणना के दौरान आने वाली समस्याओं के दौरान कानूनी प्रक्रिया को लेकर विधिक जानकारी से अवगत कराया।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं बूथ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र जोशी ने प्रत्याशियों को सुझाव सांझा करते हुए कहा कि मतगणना के दिन काउंटिग एजेंट पूरी सतर्कता बरतें, समय के पूर्व काउंटिग के लिए अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच जाएं और मतगणना शुरू होने के पूर्व पूरे संयम और सक्रियता से अपने कार्य को अंजाम दें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की वर्चुअल बैठक

## मतगणना को लेकर दिए दिशा निर्देश



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में मतगणना के की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी भी अलर्ट है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आज पार्टी प्रत्याशियों, संभाग प्रभारी, जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी और चुनाव संचालकों के साथ वर्चुअल बैठक की है।

इस दौरान पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा और चुनाव प्रबंधन और चुनाव आयोग संबधी कार्यों के राष्ट्रीय संयोजक ओम पाठक ने भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय से हुई इस बैठक में पार्टी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत पार्टी के निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस एस उप्पल, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी, सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा और अभय प्रताप सिंह मौजूद थे।

### भाजपा नेताओं ने दिव्यांगजनों के साथ सुनी मोदी के मन की बात

# प्रधानमंत्री आमजन के मन की बात करते हैं : शर्मा





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम के जरिए आम जन के मन की बात करते हैं। इस कार्यक्रम में उन लोगों का जिक्र कर करते है जो बिना प्रसिद्धि के निस्वार्थ भाव से हमेशा देश और समाज के लिए काम करते है। इससे समाज सेवा के प्रति उनका जो जज्बा है उसे प्रोत्साहन मिलता है। श्री शर्मा सहित प्रदेश मीडिया सेंटर में पार्टी के अन्य नेताओं ने दिव्यांग बच्चों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता से जो भी आव्हान करते है उसे व्यापक समर्थन मिलता है। प्रधानमंत्री ने दीपावली पर देश वासियों से लोकल फॉर वॉकल खरीदारी का आव्हान किया था, इसके परिणाम यह रहें की दीपावली पर 4 लाख करोड़ से अधिक का लोकल व्यवसाय हुआ। साथ ही देश वासियों ने खरीदारी करते समय मेड इन इण्डिया की और भी विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद व पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित कई नेता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द ने पार्टी नेताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र भेंट किये। इस कार्यक्रम में दिव्यांग जनों के लिए इंटर प्रिटेटर उपस्थित थे, जिन्होंने साइन लैंग्वेज के माध्यम से दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री के उद्बोधन से अवगत कराया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, ब्रह्म कुमारी परिवार से अभिलाषा दीदी, सरिता दीदी, संगीता दीदी, जितेंद्र भाई, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगल शर्मा, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती मंजरी जैन, श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, एड. गुंजन चौकसे, मीडिया विभाग सदस्य सत्येंद्र जैन, डॉ जगदीश चौहान, राजेंद्र दीक्षित, सुशील यादव, डॉ रूप सिंह किरार, अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर सोनू गोलकर, अनिमेष भार्गव, राजेश शुक्ला, कपिल भार्गव, भूपेश भार्गव, सत्यम मिश्रा, संतोष धाकड़ सहित दिव्यांग बच्चें उपस्थित थे।

### वैदिक बटुकों ने किया वेद पाठ

सुबह सवा दस बजे से करीब एक सैकड़ा से अधिक दिव्यांगजनों की मौजूदगी में वैदिक बटुकों ने वेद पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी व पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वैदिक बटुकों द्वारा किए गए वेदपाठ ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो गया।

### आध्यात्म से होती है मनुष्य के कल्याण की बात

कार्यक्रम से पहले अपने उद्बोधन में पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री और मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि भौतिक नेत्रों की इतनी क्षमता नहीं कि वे भगवान और आध्यात्मिकता का पूरा दर्शन कर सकें। हर व्यक्ति जब मंदिर या धार्मिक स्थल जाता है तो वह आंखे बंद करके मन से ही भगवान के दर्शन करता है। यही आध्यात्मिक दर्शन है। उन्होंने कहा कि विज्ञान आज जहां तक पहुंचा है, पहुंच रहा है या पहुंचेगा, वह हमारे वेदों के आधार पर ही पहुंचा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विज्ञान का चमत्कार है, वह भी बिना वेदों के संभव नहीं है। मनुष्य के कल्याण की बात आध्यात्मिक शक्ति से ही संभव है।

## कांग्रेसजनों ने संविधान दिवस मनाया, जयंती पर हरिसिंह गौर को किया याद



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आज कांग्रेसजनों ने भारत गणराज्य के 77 वें संविधान दिवस पर और डॉ. हरिसिंह गौर की 153 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने डॉ. हरिसिंह गौर और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्कमरण किया।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने दोनों महान विभूतियों के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. हरिसिंह गौर ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर वरिष्टर की उपाधी प्राप्त की। मप्र की प्रथम युनिवर्सिटी सागर में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के नाम से आज भी विख्यात है जहां देश-विदेश तक के विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा ग्रहण कर विश्व विद्यालय का नाम देश और विदेश में गौरवान्वित किया है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान की निर्माण किया। हम सभी भारत गणराज्य के संविधान का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। भारत देश का संविधान विश्व में सर्वोपरि है। संविधान की मूल भावनाओं का हम सभी आदर और सम्मान करते हैं, जो हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी लक्ष्मण सिंह, राजीव सिंह, जेपी धनोपिया, सै. साजिद अली, महेन्द्र जोशी, राजकुमार पटेल, गुरमीत सिंह मंगू, दीपचंद यादव, भूपेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र मिश्रा, राजकुमार सिंह, हीरालाल श्रीवास, मुजफ्फर अली, महक राणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नेताओं ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पिछले 1 माह में 4 करोड़ रुपये खर्च किए

- करप्शनाथ को बूस्ट करने 18 लाख खर्च किए
- भ्रष्टाचार पेज पर 90 हजार खर्च

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के खर्चे को लेकर चुनाव आयोग जानकारी एकत्रित कर रहा है। इस बीच, सोशल मीडिया के फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पिछले एक माह के खर्च राशि का आंकड़ा सामने आया है।

प्रदेश के नेताओं ने दोनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी पोस्ट को बूस्ट करने 17 अक्तूबर से 15 नवंबर के बीच 4 करोड़ 14 लाख 92 हजार 508 रुपये खर्च किए हैं। इसमें सबसे ज्यादा 62 लाख 62 हजार 897 रुपये की राशि मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने पेज को बूस्ट करने पर खर्च की है। इसके बाद 50 लाख 72 हजार 350 रुपये की राशि एमपी के मन में मोदी पेज को बूस्ट करने में खर्च की गई। मध्य प्रदेश भाजपा ने अपने पेज को बूस्ट करने 35 लाख 4 हजार 367 रुपये खर्च किए हैं। शुरुआत में भाजपा सोशल मीडिया पर पैसा खर्च करने में आगे थी, लेकिन बाद में भाजपा को कांग्रेस ने पीछे छोड़ दिया।

वहीं, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के खिलाफ बनाए करप्शनाथ पेज को बूस्ट करने के लिए 18 लाख 80 हजार 339 रुपए खर्च किए गए है। वहीं, आकाश विजयवर्गीय टीम नाम के पेज को बूस्ट करने के लिए 16 लाख 66 हजार रुपये, कैलाश विजयवर्गीय मित्र मंडल गांधी नगर इंदौर पेज पर 10 लाख 92 हजार रुपये, जबलपुर उत्तर से विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना पेज पर 6 लाख 47 हजार खर्च किए गए। वहीं, निलय डागा ने 3.26 लाख और वी सपोर्ट शिवराज सिंह चौहान पर 3.08 लाख रुपए खर्च किए गए। जबलपुर कैंट से कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौकसे ने 2.60 लाख रुपये खर्च किए। शुरुआती दौर में सोशल मीडिया कैंपेन में आगे चल रहे रतलाम से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य कश्यप ने 2.38 लाख खर्च किए।

विदिशा से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक भार्गव ने 1.70 लाख, भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने 1.26 लाख, तराना से कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार ने 1.14 लाख, पाटन से भाजपा प्रत्याशी अजय विश्नोई ने 1.10 लाख रुपये खर्च किए। कमलनाथ ने 1.19 लाख, छिंदवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू ने 1 लाख, घट्टिया से कांग्रेस प्रत्याशी सतीश मालवीय 96 हजार, सतना से भाजपा प्रत्याशी और सांसद गणेश सिंह ने 93 हजार रुपये खर्च किए।

भाजपा और कांग्रेस के अलावा शिवराज और मोदी के नाम पर भी कई पेज बनाए गए हैं। इसमें गोलू शुक्ला ने मोदी फॉर पीएम ऑर्गेनाइजेशन के लिए दो लाख रुपये खर्च किए हैं। वहीं, कांग्रेस मुक्त मध्य प्रदेश पेज पर 1.29 लाख, मध्य प्रदेश मांगे फिर से मोदी पेज पर 1.20 लाख और भाजपा संग मध्य प्रदेश पेज पर 1.18 लाख, मप्र चले मोदी के संग पेज 1.16 लाख, मप्र सीएम रिपोर्ट कार्ड पेज पर 1.54 लाख, मोदीमय मध्य प्रदेश पेज पर 1.55 लाख, भव्य मध्य प्रदेश पेज पर 1.40 लाख, मजबूत बनता मध्य प्रदेश पेज पर 1.39, मेरा मध्य प्रदेश पेज पर 96 हजार, घोटालापति पर 90 हजार, हिंदू विरोधी कांग्रेस पेज पर 90 हजार, शिवराज की लाडली बहना पर 84 हजार, मामा की लाडली पर 82 हजार खर्च किए। शिवराज के दीवाने पेज पर 83 हजार, महाकोशल चले मोदी के साथ पेज पर 82 हजार तो कांग्रेस ने खरगे फैन पेज पर 11 लाख, कमल नहीं कमलनाथ पेज पर 1.30 लाख रुपये, भ्रष्टासुर शिवराज पेज पर 90 हजार, शिवराज के पाप पेज पर 86 हजार रुपये खर्च किए गए।

## तेलंगाना में बीआरएस व कांग्रेस में गुप्त समझौता



**नारायणपेट/तेलंगाना, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और विपक्षी कांग्रेस के बीच राज्य में दोनों पार्टियों के बीच अपने-अपने हितों की पूर्ति के लिए गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि मौजूदा चुनाव में, बीआरएस और कांग्रेस के बीच एक गुप्त समझौता हुआ है। कांग्रेस बीआरएस का समर्थन करेगी, जिससे के.चंद्रशेखर राव की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी सुनिश्चित होगी। बदले में, बीआरएस लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन करेगी और पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में बढ़ावा देगी। उन्होंने नारायणपेट जिले के मकथल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए डाला गया कोई भी वोट प्रभावी रूप से बीआरएस को फायदा पहुंचाएगा। यदि आप केसीआर को हटाना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें। आपका वोट न केवल आपके विधायक को चुनता है, बल्कि तेलंगाना के भविष्य को भी आकार देता है। बीआरएस पर अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए, शाह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना, एक स्वीकृत डिग्री कॉलेज और बेरोजगारी भत्ते का वितरण जैसे वादों को पूरा करने पर सवाल उठाया। शाह ने घोषणा की कि अगर राज्य में हमारी पार्टी सत्ता में आती है तो हम एक पिछड़े वर्ग (नेता) को मुख्यमंत्री नियुक्त करेंगे, मडिगा के लिए लंबवत आरक्षण प्रदान करेंगे और महिलाओं को चार मुफ्त सिलेंडर देंगे। बीआरएस पर एमआईएम के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए शाह ने एमआईएम चलाने वाले ओवैसियों के डर के कारण तेलंगाना मुक्ति दिवस का आयोजन नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।

# रायथु बंधु योजना का राजनीतिक लाभ उठा रही बीआरएस : कांग्रेस

- बीआरएस के खिलाफ रायथु योजना पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत
- चुनाव आयोग की ओर से दी गई अनुमति का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप
- रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने रविवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी की ओर से कृषि निवेश सहायता योजना यानी रायथु बंधु योजना का दुरुपयोग करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। ईसीआई को संबोधित एक पत्र में निरंजन ने कहा कि चुनाव आयोग ने पिछले शुक्रवार को राज्य सरकार को रायथु बंधु योजना के तहत किसानों को राशि वितरित करने की अनुमति दी थी। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस पार्टी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस योजना का फायदा उठा रही है। पत्र की प्रति यहां मीडिया को भी जारी की गई।

निरंजन ने जोर देकर कहा कि बीआरएस नेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए रायथु बंधु योजना का उपयोग एक उपकरण के रूप में कर रहे हैं। साथ ही झूठा दावा कर रहे हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से संवितरण का वित्तपोषण कर रहे थे। उन्होंने बीआरएस पार्टी के उन आरोपों का भी खंडन किया है कि कांग्रेस ने वितरण प्रक्रिया में बाधा डाली। गौरतलब है कि महबूबाबाद और अलेरू में एक चुनाव प्रचार के दौरान मंत्री टी. हरीश राव ने कांग्रेस पार्टी पर बाधाएं पैदा करने का आरोप लगाया और देरी के लिए उनके हस्तक्षेप को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने प्रति संवितरण 7500 करोड़ रुपए की तैयार राशि के साथ संवितरण की अनुमति दी थी। राज्य में



स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए यह बहुत जरूरी है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग हमारे जवाब पर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उचित कार्रवाई करेगा।

रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र। बता दें कि गत दिनों चुनाव आयोग ने तेलंगाना में यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी है। राज्य कृषि विभाग के बयान के अनुसार चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### बीआरएस पर प्रतिबंध लगाने का किया आग्रह

टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन ने चिंता व्यक्त की कि चुनाव आयोग की ओर से दी गई उदार अनुमति का बीआरएस पार्टी द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैंने ईसीआई से बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है, जिससे उन्हें अपने राजनीतिक अभियान में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख करने से रोका जा सके। उन्होंने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। निरंजन ने अपने पत्र में कहा कि हम आपसे बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करते हैं, उनके राजनीतिक प्रचार में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख न करें।

इसी तरह, राज्य कृषि विभाग ने कहा कि इस यासांगी सीजन से संबंधित रायथुबंधु को छोटे भूमि क्षेत्र वाले किसानों को वितरित करने की प्रक्रिया पहले शुरू की जाएगी। साथ ही, चुनाव आयोग ने इस महीने की 29 और 30 तारीख को रायथुबंधु के वितरण की अनुमति नहीं दी है। तदनुसार, डीबीटी पद्धति के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में रायथु बंधु निवेश वित्तीय सहायता को सीधे जमा करने के लिए धनराशि जारी की जाएगी। राज्य कृषि विभाग के अनुसार, रायथु बंधु के माध्यम से इस यासांगी सीजन में 70 लाख किसानों को लाभ होगा।

# केरल के माकपा नेता को मानहानि का नोटिस

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता जैक सी थॉमस को मानहानि नोटिस दिया गया है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय बौद्धिक संयोजक डॉ. आर बालाशंकर ने गत 19 नवम्बर को एशियानेट टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान मोदी को 'नराधमन' के रूप में संदर्भित करने के लिए थॉमस को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। बालाशंकर ने अपने बयान में कहा कि थॉमस ने न केवल एक उच्च संवैधानिक हस्ती के खिलाफ अप्रिय टिप्पणी की, बल्कि अन्य सम्मानित पैनलिस्ट की ओर से ऐसी टिप्पणियों पर आपत्ति जताने पर भी उन्होंने उस बयान को दोहराना जारी रखा और समाचार एंकर के अनुरोध को भी नजरअंदाज कर दिया। ऑर्गेनाइजर वीकली के पूर्व संपादक बालाशंकर ने कहा कि बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने में विफल रहने की स्थिति में उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और दो-तिहाई बहुमत से जीतने के बाद मोदी प्रधानमंत्री बने। माकपा नेता की अपमानजनक टिप्पणी देश के 1.4 अरब लोगों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का अपमान है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अदालतों में जाने से नहीं....** और यहां तक कि साफ हवा हासिल करने के लिए दखल देने की उम्मीद के साथ तक आते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह केस सिर्फ कोर्ट के लिए आंकड़े नहीं हैं। यह मामले बताते हैं कि लोग सुप्रीम कोर्ट से क्या उम्मीद करते हैं और खुद कोर्ट की नागरिकों को न्याय देने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट शायद दुनिया की एकमात्र कोर्ट है, जहां नागरिक सिर्फ मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर संवैधानिक मशीनरी को चालू करा सकते हैं।

**सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना....** तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा। चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा, हमने लोगों से छह वादे किए हैं। आपको बता दूं, राज्य में कांग्रेस सरकार आते ही ये वादे कानून में तब्दील हो जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों का जिक्र करते हुए कहा, महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2,500 रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा, राज्य में कांग्रेस सरकार के आते ही गैस सिलेंडर के दाम में कटौती होगी। उन्होंने कहा, आप सभी को 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। तेलंगाना में हमारी सरकार आते ही महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सौगात मिलेगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।